चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 322, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 22 दिसंबर 2023 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# निलंबन पर विपक्षी सांसदों का हल्लाबोल

## निलंबित सांसदों का जामा मस्जिद तक मार्च, खरगे बोले- हमने नहीं, पीएम मोदी-शाह ने किया संसद का अपमान

**नई दिल्ली**
विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता 140 से अधिक सांसदों के निलंबन के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया और संसद का मंचन किया इस मार्च से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मीडिया से बातचीत की। इसमें उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा और संसद में सदन के जो मुखिया हैं, वे भी नहीं चाहते कि सदन चले। मैं माफी चाहता हूं कि राज्यसभा चेयरमैन साहब ने जो मुद्दा उठाकर इसे जातिवाद पर ले आए हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में बात करना हमारा हक है।

**मार्च को लेकर क्या बोले कांग्रेस अध्यक्ष?**
आज हम जो ये विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, वह सरकार के खिलाफ आंदोलन है। सरकार ये नहीं चाहती कि ये आंदोलन हो। संसद में सदन के जो मुखिया हैं, वे भी नहीं चाहते कि सदन चले। मैं माफी चाहता हूं कि राज्यसभा चेयरमैन साहब ने जो मुद्दा उठाकर इसे जातिवाद पर ले आए हैं। लोकतंत्र में बात करना हमारा हक है। लोगों की भावनाओं को संसद में बताना हमारा कर्तव्य है। लेकिन यहां पर जो घटना घटी लोकसभा में। उसी मुद्दे को अब लोकसभा और राज्यसभा में उठाना चाहते थे कि सुरक्षा में सेंध कैसे लगी। कौन इसका जिम्मेदार है। इसके बारे में आप देश को बताइए। अगर आप सदन में ही नहीं बोलेंगे तो कहां बोलेंगे। लेकिन शाह साहब ही नहीं आए और प्रधानमंत्री मोदी भी नहीं आए। तो सदन में बताने वाली चीजें छोड़कर पीएम वाराणसी, अहमदाबाद और रेडियो-टीवी पर बात करते हैं, लेकिन सदन में बात नहीं करते हैं। ये सदन की अमयार्दा उन्होंने की है।



### 'हम हमेशा संस्थाओं का सम्मान करते हैं: शरद पवार

**संसद** के शीतकालीन सत्र के दौरान सांसदों के निलंबन के विरोध में विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने मीडिया से बात की। राकांपा प्रमुख शरद पवार ने कहा, 'हम हमेशा संस्थाओं का सम्मान करते हैं। संसद में जो हुआ वह देश के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ था। 150 सांसदों को सदन से बाहर करने का ऐतिहासिक काम किया गया है। जिनकी सिर्फ एक ही मांग थी कि सरकार की ओर से बयान दिया जाए कि जो लोग सदन के सदस्य नहीं थे वो सदन में कैसे



आए। उन्हें पास किसने जारी किया? यह संसद का अधिकार है।' मिमिक्री विवाद पर उन्होंने कहा, 'अगर कोई संसद के बाहर कुछ करता है तो उसे यहां तक ले जाना कि अगर कोई मेरे खिलाफ कुछ कहता है और मैं कहूं कि यह मराठों और किसानों का अपमान है। मैं ऐसा कभी नहीं कहूंगा।' राकांपा नेता सुप्रिया सुले ने कहा, 'यह लोकतंत्र की हत्या है। ऐसा लग रहा कि देश में आपातकाल लग गया है।'

सीपीआई(एम) सांसद जॉन ब्रिटास ने कहा, 'लोकतंत्र की निर्मम हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। लोकतंत्र की हत्या कर दी गई है। संसदीय लेकतंत्र यहां नहीं है। आप देख सकते हैं कि केंद्रीय गृह मंत्री एकतरफा बोल रहे हैं। यह विपक्ष मुक्त संसद है। यह एक राजशाही जैसा है। उन्हें अब यह कहने के लिए संविधायन में संशोधन करना चाहिए कि भारत एक राजशाही है।'

### संसद की सुरक्षा में चूक मामले पर सांसद कर रहे हंगामा



**संसद** की सुरक्षा में चूक मामले पर विपक्ष दोनों सदनों में हंगामा कर रहा हैं। सदनों में हंगामे और व्यवधान डालने के आरोप में विपक्ष के 143 सांसदों को शेष शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया गया है। बुधवार को फिर से दो सांसदों को निलंबित किया गया। लोकसभा कार्यवाही के दौरान तख्तियां दिखाने के आरोप में विपक्ष के सांसद सी थॉमस और एएम आरिफ को निलंबित किया गया है। गौरतलब है कि 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में चूक की घटना को लेकर विपक्ष मोदी के खिलाफ सरकार आक्रमक दिखाई दे रहा है। विपक्ष की मांग है कि सुरक्षा की चूक मामले में सदन में चर्चा की जाए और गृह मंत्री अमित शाह घटना पर जवाब दें। जिसको लेकर संसद की कार्यवाही के दौरान विपक्ष सदन में हंगामा कर रहा है। पिछले हफ्ते गुरुवार को लोकसभा के 13 सांसद और राज्यसभा से एक सांसद को निलंबित किया गया था। वहीं, सोमवार को लोकसभा से 33 और राज्यसभा से 45 सासंदों को निलंबित किया गया थे। मंगलवार को लोकसभा के 49 सांसदों पर कार्रवाई की गई थे। बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दो अन्य सांसद को निलंबित किया गया हैं।

### हेमा मालिनी ने की फिल्मी अंदाज में गृह मंत्री की तारीफ, कहा- अमित शाह जो कहते हैं वह करते...

**नई दिल्ली**
भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने एक हिंदी फिल्म का संवाद दोहराते हुए कहा कि अमित शाह जो कहते हैं, वह करते भी हैं। न्याय और कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता बहुत ही प्रशंसनीय है। उन्होंने अक्षय कुमार की फिल्म राउडी राठौड़ का एक मशहूर डायलाग बोलते हुए कहा, अमित शाह जो कहते हैं वो करते हैं। लेकिन जो नहीं कहते हैं, उसे जरूर करते हैं। लोकसभा में चर्चा में भाग लेते हुए हेमा मालिनी ने कहा कि सदियों पुराने कानून नए भारत में अप्रासंगिक हैं। इन्हें अंग्रेजों ने अपने औपनिवेशिक शासन की रक्षा के लिए बनाया था। मथुरा से भाजपा सांसद ने कहा कि नया भारत विकसित भारत की दिशा में जा रहा है। पीएम मोदी देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह शांति, न्याय और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने जानवरों के प्रति क्रूरता का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया। कहा कि जानवरों के अधिकारों की रक्षा करने, उनके लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए पशु क्रूरता निवारण अधिनियम को खत्म कर एक नया कानून प्रतिस्थापित करना होगा। भाजपा सांसद पूनम महाजन ने उनकी बातों से सहमति जताई और जानवरों के खिलाफ अपराध और पाशविकता के लिए सख्त कानून बनाने का आह्वान किया।

### 'यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता'

**नई दिल्ली**
रेलवे वंदे भारत ट्रेनों को 110 किमी प्रति घंटे से 130 किमी प्रति घंटे की गति से चलाने के लिए संवेदनशील स्थानों और 130 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति के लिए सभी पटरियों पर सुरक्षा बाड़ लगाएगा। यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करना रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भाजपा सांसद घनश्याम सिंह लोधी के सवाल के जवाब में लोकसभा में बताया कि रेलवे के पास ट्रैक का निरीक्षण, रखरखाव और मरम्मत के लिए प्रणाली है।

## दिल्ली में जजों के आवास बनाने पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किए दिशा निर्देश

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में न्यायिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए दिल्ली सरकार को दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसके तहत न्यायिक अधिकारियों समेत अन्य के लिए आवासीय परिसरों का निर्माण कराने, जिला स्तर पर कर्मचारियों की नियुक्ति और अस्थायी रूप से कोर्ट रूम बनाने का प्रविधान करने को तय समयसीमा में मूर्तरूप देने को कहा गया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पाडीर्वाला और मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने 12 दिसंबर, 2023 को हुई बैठक में लिए गए निर्णयों को लागू करने



के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने संबंधित प्रशासन को निर्देश दिया कि दिल्ली सरकार इस संबंध में टेंडरों पर 31 जनवरी, 2024 तक अपना हलफनामा दाखिल करे। कोर्ट ने इस मामले की समीक्षा बैठक में दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, मुख्य सचिव के भी शामिल होने की बात कही है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे प्रविधान किए जाएं, जिससे आवश्यकतानुसार कोर्ट परिसर को कई कोर्ट रूम में बदला जा सके। इस संबंध में विशेष प्रविधानों और निगरानी के लिए दिल्ली हाई कोर्ट 5 फरवरी, 2024 को सुनवाई करेगा।

## सशस्त्र बलों में अग्निवीरों की भर्ती में तेजी लाने की सिफारिश

**नई दिल्ली**
संसद की एक स्थायी समिति ने बुधवार को सिफारिश की है कि सशस्त्र बलों में अग्निवीरों की भर्ती तेज की जाए। जून 2022 में सरकार ने तीनों सेनाओं की आयु प्रोफाइल में कमी लाने के उद्देश्य से कर्मियों की अल्पकालिक भर्ती के लिए अग्निपथ भर्ती योजना शुरू की है। संसदीय स्थायी समिति ने कहा कि रक्षा मंत्रालय से समिति को पता चला है कि सशस्त्र बल एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जहां कोविड के कारण जनशक्ति में मामूली कमी आई है।



**संसदीय समिति की रिपोर्ट बुधवार को संसद में पेश की गई**
संसदीय समिति की रिपोर्ट बुधवार को संसद में पेश की गई। इसमें कहा गया है कि ऑपरेशनल आवश्यकताओं के आधार पर रक्षा मंत्री को भर्ती किए गए अग्निवीरों की संख्या बढ़ाने का अधिकार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस संबंध में समिति सिफारिश करती है कि सेना में अग्निवीरों की भर्ती के प्रयास तेज किए जा सकते हैं ताकि जमीन पर सशस्त्र बलों की युद्ध क्षमताओं पर कोविड के कारण नकारात्मक प्रभाव न पड़े।

**17-21 साल के युवाओं को चार साल के लिए भर्ती करने की व्यवस्था**
उन्होंने यह भी सिफारिश की है कि बलों में नियमित कैडर के रूप में शामिल किए गए लोगों के अलावा अग्निवीरों के एक समूह को किसी भी स्थिति में देश की सेवा के लिए तैयार रखा जा सकता है।

अग्निपथ योजना में साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं को चार साल के लिए भर्ती करने की व्यवस्था है, जिसमें से 25 प्रतिशत को 15 और वर्षों के लिए बनाए रखने का प्रविधान है।

## देश में अघोषित आपातकाल- सुले



**नई दिल्ली**
पार्लियामेंट के दोनों सदनों से सांसदों का निलंबन जारी है। वर्तमान में चल रहे शीतकालनीन सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा से कुल मिलाकर 143 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। इस कार्रवाई को लेकर एनसीपी नेता और सांसद सुप्रिया सुले ने गुरुवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि संसद के दोनों सदनों से विपक्षी सांसदों का थोक में निलंबन करना 'लोकतंत्र की हत्या' है। बता दें कि सुप्रिया सुले लोकसभा सांसद हैं, जो खुद भी निलंबित हुई हैं।
समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए, सुप्रिया सुले ने सांसद ने मौजूदा स्थिति की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाई गई इमरजेंसी से की। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है जैसे एक अघोषित आपातकाल लगा दिया गया हो। सब कुछ फिर से वैसे ही थोप दिया गया है।

**देश संविधान से चलता है**
उन्होंने कहा, "यह लोकतंत्र की हत्या है, संविधान का अपमान है। देश संविधान से चलता है और जिस तरह से सांसदों को निलंबित किया गया है मैं उसकी निंदा करती हूं। ऐसा लगता है कि देश में आपातकाल लगा दिया गया है।"

**बिना विपक्ष के लाए गए तीन विधेयक**
सुप्रिया सुले ने कहा कि औपनिवेशिक काल के आपराधिक कानूनों को बदलने के लिए तीन विधेयकों- भारतीय न्याय संहिता विधेयक, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक और भारतीय साक्ष्य विधेयक का विपक्ष की गैरमौजूदगी में पास करवाया गया है। लोकसभा में 97 विपक्षी सांसदों के बिना बिल पास करवाना अलोकतांत्रिक है।

## राहुल गांधी के 'जेबकतरे' बयान पर दिल्ली हाईकोर्ट सख्त, मामले के निपटारे के लिए चुनाव आयोग को दिए 8 हफ्ते

**नई दिल्ली**
कांग्रेस सांसद राहुल गांधी कुछ दिन पहले पीएम मोदी के लिए 'जेबकतरा' शब्द का इस्तेमाल किया था। बीजेपी ने इसे लेकर चुनाव आयोग को शिकायत भेजी थी। पीएम को लेकर राहुल गांधी ने यह अपमानित शब्द 22 नवंबर को उनके खिलाफ दिए गए भाषण में इस्तेमाल किया था। इस शब्द के इस्तेमाल पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा, "कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा पीएम को 'जेबकतरा' कहा गया था यह शब्द उनके मुंह से निकलना सही नहीं था। इस मामले को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारत निर्वाचन आयोग को 8 सप्ताह के भीतर मामले पर निर्णय लेने का निर्देश दिया।

**अदालत ने जनहित याचिका पर की सुनवाई**
अदालत एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें गांधी के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ राजनेताओं द्वारा इस तरह के "कदाचार" को रोकने के लिए दिशानिर्देश की मांग की गई थी।

**ईसी इस मामले का कर रहा है जांच**
कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यद्यपि कथित बयान "अच्छे नहीं" हैं।चुनाव आयोग (ईसी) इस मामले की जांच कर रहा है और उसने गांधी को नोटिस भी जारी किया है। अदालत ने कहा कि 23 नवंबर को भेजे गए नोटिस में चुनाव आयोग ने खुद कहा था कि वह इस मामले में उचित कार्रवाई करेगा।

## पहली बैठक में समोसा मिला, इस बार सिर्फ चाय-बिस्कुट; जदयू सांसद बोले- फेल रही इंडिया की बैठक

**नई दिल्ली**
बिहार के जदयू सासंद सुनील कुमार पिंटू ने मंगलवार को पार्टी लाइन के खिलाफ जाकर एक बार फिर बगावती बयान दिया है। उन्होंने दिल्ली में हुई आइएनडीआइए की बैठक को फेल करार देते हुए कहा कि पहली मीटिंग में समोसा मिला था, इस बार सिर्फ चाय-बिस्कुट मिला। उन्होंने कहा कि अब तो खुद कांग्रेस ही कह रही है कि फंड की कमी है।

उन्हें चंदे की जरूरत है। आइएनडीआइए के नेता दिल्ली में जमा तो हुए थे सीट शेयरिंग पर बात करने, लेकिन वहां ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं को 19 दिसंबर की बैठक से काफी उम्मीद थी।

# जेएन.1: 'कोरोना से घबराएं नहीं, सतर्क रहें'

**नई दिल्ली**
केरल, महाराष्ट्र, कर्नाटक, झारखंड समेत कई राज्यों में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने राज्यों को सतर्क रहने को कहा है। कोरोना के जेएन.1 वैरिएंट के कारण बढ़ते संक्रमण में 92 प्रतिशत से अधिक मरीजों के घर पर ही आइसोलेशन में इलाज का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि इससे फिलहाल डरने की जरूरत नहीं है।

**हर तीन महीने में मॉक ड्रिल की जरूरत: स्वास्थ्य मंत्री**
बुधवार को जेएन.1 वैरिएंट के 21 मामले सामने आए। इनमें सबसे अधिक 19 मामले गोवा में सामने आए हैं। एक मामला केरल और एक महाराष्ट्र में सामने आया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जेएन.1 को वैरिएंट ऑफ




इंटरेस्ट घोषित किया है।
राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक में मांडविया ने टेस्टिंग बढ़ाने और अधिक से अधिक मामलों को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजने और कोरोना के लिए पहले से तैयार प्रणाली के हर तीन महीने में मॉक ड्रिल कर टेस्ट करने की जरूरत बताई।

**केरल में कोरोना के 292 नए मामले सामने आए**
बुधवार सुबह आठ बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के 614 नए मामले सामने आए। 21 मई के बाद एक दिन में संक्रमण का यह सबसे ज्यादा आंकड़ा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 2,311 हो गई है। केरल में कोरोना के 292 नए मामले सामने आए और तीन मरीजों की मौत हो गई। केरल में सक्रिय मामलों की संख्या 2,041 हो गई है।

**अमेरिका में कोरोना संक्रमण तेजी से बढ़ रहा**
कर्नाटक में 64 साल के एक बुजुर्ग की मौत हो गई। राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव सुधांश पंत ने देश और दुनिया में कोरोना संक्रमण के हालात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चीन, ब्राजील, जर्मनी और अमेरिका में कोरोना संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है और इसके लिए मुख्य तौर पर जेएन.1 वैरिएंट को जिम्मेदार माना जा रहा है।

लेकिन भारत में अब भी संक्रमण की दर इन देशों की तुलना में कम है। जेएन.1 वैरिएंट का कोई भी क्लस्टर (एक जगह ढेर सारा मामला) सामने नहीं आया है। उन्होंने बताया कि भारत में 92.8 प्रतिशत संक्रमित व्यक्तियों का घर पर आइसोलेशन में इलाज चल रहा है।

# मंत्री लोक निर्माण विभाग ने ग्राम कौवा में लोक निर्माण विभाग की 47.43 करोड़ रुपए लागत की विभिन्न कार्यों का किया लोकार्पण

## जनता से जुड़े विकास कार्यों के लिए केन्द्र व राज्य सरकार कृत संकल्पित, देश व प्रदेश का तेजी के साथ हो रहा है विकास : मंत्री

अखंड भारत संदेश





**करछना,प्रयागराज।** मंत्री, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश जितिन प्रसाद ने गुरूवार को विधानसभा करछना के अन्तर्गत ग्राम कौवा में लोक निर्माण विभाग की लगभग 47.43 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न कार्यों का बटन दबाकर शिलान्यास और लोकार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंत्री द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।मंत्री जी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हमें करछना विधानसभा में आने का मौका मिला है और मुझे विकास कार्यों की सौगात देकर बहुत ही खुशी महसूस हो रही है। आपके संसदीय/विधान सभा क्षेत्र में यह जो विकास के कार्य हो रहे है, इसमें आपके क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगणों की भी कड़ी मेहनत है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए पैसों की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। जनता के हित व विकास कार्यों के लिए केन्द्र/राज्य सरकार कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि आप लोगो की सड़कों से सम्बंधित जो भी मांगे होगी, उसे पूरा किया जायेगा, यह विश्वास मैं आप सभी को दिलाता हूं। मंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में लोगो को देश व प्रदेश में बदलाव देखने को मिल रहा है, जिससे देश व प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। मंत्री जी ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार जो कहती है व करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि हम लोग घोषणा करने में यकीन नहीं रखते है बल्कि धरातल पर उस कार्य को कर-के दिखाते है। मंत्री जी ने सांसद व विधायक करछना की मांगो पर चीफ इंजीनियर पीडब्लूडी को बुलाकर कहा कि जो भी मांगे सांसद व विधायक जी के द्वारा सड़को के सम्बंध में की है, उसे जल्द से जल्द पूरा करायें तथा जहां पर भी रोड़ के किनारे आबादी क्षेत्र हो, वहां पर सड़कों के किनारे पटरी बनाकर उसे सुदृढ़ व सौन्दर्यीकरण करके दें। उन्होंने विधायक करछना द्वारा टोंस नदी पर एक नया पुल बनाये जाने की मांग पर सेतु निगम के अधिकारियों को बुलाकर दो माह में स्टीमेट बनाकर उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने टोंस नदी पर पुल बनाये जाने की सौगात देते हुए उपस्थित लोगो से कहा कि हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करती है तथा जो भी कार्य कराये जायेंगे, उसकी गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा।इस अवसर पर सांसद इलाहाबाद प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में देश व प्रदेश का विकास तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि करछना विधान सभा क्षेत्र में आवश्यकतानुसार सड़कों के चैड़ीकरण के साथ ही सम्पर्क मार्गो का निर्माण हो रहा है। कहा कि विकास के जो कार्य 65 वर्षों में नहीं हुए है वह सभी कार्य प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पूरे हो रहे है। कहा कि पहले पीडब्लूडी विभाग में बहुत अनियमितताएं पायी जाती थी, परंतु अब ऐसा नहीं है। आज पीडब्लूडी विभाग द्वारा गुणवत्तापूर्ण ढंग से ससमय कार्य कराया जा रहा है। सांसद महोदया ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होने से डबल गति से विकास के कार्य हो रहे है। विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद जी ने अपने सम्बोधन में मंत्री जी का अपने विधानसभा क्षेत्र में आगमन पर स्वागत करते हुए कहा कि आज करछना विधानसभा की जनता की उम्मीदे जो हमसे थी, वह आपने पूरी कर दी है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश से गुण्डा राज समाप्त हुआ है तथा चारों ओर विकास की लहर बह रही है। इसी कड़ी में करछना विधानसभा क्षेत्र में विकास की धारा बहाने का कार्य मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हो रहा है। इस अवसर पर विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, विधान परिषद सदस्य के0पी0 श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र, यमुनापार अध्यक्ष विनोद प्रजापति जी, पूर्व विधायक दीपक पटेल सहित अन्य जन प्रतिनिधिगणों के अलावा भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## आने वाले समय में एनर्जी ट्रांजीशन के क्षेत्र में संसाधन विविधीकरण की भूमिका अहम : सुनील कुमार

### तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बिजली उत्पादन ऊर्जा अर्थशास्त्र नीतियों एवं अन्य मुद्दों के बारे अपना अनुभव किया साझा -



**मेजा।** संसाधन विविधता को भारत देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व ने स्वीकारा है। आगामी समय में एनर्जी ट्रांजीशन की दिशा में संसाधन विविधीकरण की अहम भूमिका रहेगी। उक्त उद्दगा र मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील कुमार ने बीते बुधवार को एम एन एन आईटी इलाहाबाद में आयोजित तीन दिवसीय ऊर्जा संगम अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भागीदारी कर रहे दुनियां भर प्रमुख शिक्षाविदों शोधकताओं इंजीनियरों और उद्योग पेशेवरों से बिजली उत्पादन ऊर्जा अर्थशास्त्र नीतियों तथा अन्य ऊर्जा संबधित मुद्दों पर अपना अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी समय में एनर्जी ट्रांजीशन के क्षेत्र में संसाधन विविधीकरण की अहम भूमिका रहेगी। सुनील कुमार ने आगे कहा संसाधन विविधता को भारत देश ने ही नहीं बल्कि पूरे विश्व ने स्वीकारा है और बड़ी बड़ी ऊर्जा उत्पादन करने वाली कंपनियों ने अपने ट्रांजीशन स्ट्रेटेजी को इसके अनुकूल बनाना शुरू कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी प्रमोटर कंपनी एनटीपीसी ने अपने ऊर्जा स्त्रोतों में सफलता पूर्वक विविधता लाने में कामयाब रही हैं। उनका मानना है कि पर्यावरण के अनुकूल होकर बिजली उत्पादन करना उद्देश्य है। इतना ही नहीं निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि एन टी पी सी के मूल उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए मेजा ऊर्जा निगम भी इस दिशा में अग्रसर होने के लिए रणनीति बना रहा है और अपने ऊर्जा स्त्रोतों में विविधता लाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सम्मेलन में शिरकत करने वाले सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए सम्मानित किया। इस मौके पर एम एन एन आईटी इलाहाबाद के पो रविप्रकाश अवनीश कुमार दुबे डॉ जितेंद्र गंगवार के साथ साथ अन्य विभागाध्यक्ष एवं मेजा ऊर्जा निगम के अधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, ग्रामीणों ने शव रखकर किया सड़क जाम

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** फाफामऊ इलाके के मलाका में डंपर से कुचलकर एक युवक की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजनों और ग्रामीणों को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग मानने के लिए तैयार नहीं हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिल टीम पर जमकर पत्थरबाजी की। इसमें पुलिस की कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई। जाम के कारण सड़क पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। बाद में किसी तरह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।सरायफत्ते गांव निवासी अमृतलाल सरोज (35) किसी कार्य से फाफामऊ आया था। मलाका इलाके में डंपर की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ परिजन मौके पर पहुंच गए। आक्रोशित परिजनों ने शव को रखकर प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर जाम लगा दिया। इस दौरान पुलिस टीम पर जमकर पत्थरबाजी की गई। इसमें पुलिस के कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गई।पुलिस बूथ पर भी पथराव किया गया। इसके बाद कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर बुला ली गई। पूरा इलाका छावनी में तब्दील हो गया। पुलिस अधिकारियों ने किसी तरह से समझा बुझाकर शव को कब्जे में लिया।

# कैदियों की समय पूर्व रिहाई पर दाखिल करें हलफनामा या कोर्ट में हाजिर हों प्रमुख सचिव गृह-डीजीपी को निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह और डीजीपी से जेल अधीक्षकों के मार्फत कैदियों की समय पूर्व रिहाई की लंबित संख्या सहित हलफनामा मांगा है। आदेश का पालन न होने पर दोनों अधिकारियों को 10 जनवरी को हाजिर होना पड़ेगा। कोर्ट ने सीजेएम को निर्देश दिया है कि 19 अप्रैल, 2022 को जमानत मंजूरी के बावजूद बेल बांड जमा न हो पाने के कारण याची राशिद व अन्य की तत्काल रिहाई करा कर रिपोर्ट पेश करें।कोर्ट ने हाईकोर्ट के महानिबंधक को 24 घंटे के भीतर आदेश की प्रति दोनों अधिकारियों को भेजने का भी आदेश दिया है।

न्यायमूर्ति अरविंद सिंह सांगवान और न्यायमूर्ति आरएमएन मिश्र की खंडपीठ ने यह आदेश राशिद व अन्य की अपील पर दिया है। कोर्ट ने इसी वर्ष 18 मई को राज्य सरकार से वरीयता के आधार पर कैदियों की दो हफ्ते में समय पूर्व रिहाई पर निर्णय लेने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद याची रिहा नहीं किए गए। कोर्ट ने कहा सुप्रीम कोर्ट ने भी समय पूर्व रिहाई के आदेश दिए हैं। समय से अर्जी तय करने के आदेश का भी पालन नहीं किया जा रहा है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत घोड़ेडीह, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक : 21.12.2023

ग्राम पंचायत **घोड़ेडीह** में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/15 वां वित्त/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत **घोड़ेडीह** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 22-12-2023 से दिनांक 03-01-2024 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 04-01-2024 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 04-01-2024 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | हिमांशु तिवारी की चक्की से राजू सोनकर के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 6.21 लाख | 6 माह |
| 2. | काली रोड से संतोष दुबे के घर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.00 लाख | 6 माह |

प्रियंका सोनकर
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत घोड़ेडीह
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

अर्पित श्रीवास्तव
सचिव
ग्राम पंचायत घोड़ेडीह
वि0 ख0 करछना प्रयागराज


## न्यूज झरोखा

### संतरा से भरी ट्रक खड़ी कंटेनर में पीछे से भिड़ी चालक खलासी गंभीर



**उतरांव।** प्रयागराज के उतरांव थाना क्षेत्र की नव बाजार हाईवे पर एक संतरा से भारी डीसीएम खड़ी कंटेनर में पीछे से जा भिड़ी वही डीसीएम चालक व खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल खलासी को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वाराणसी की तरफ संतरा लाद कर डीसीएम जा रही थी। वहीं पहले से ही नवबाजार नेशनल हाईवे पर एक कंटेनर कच्चा धागा लाद कर जा रहा था। जहां नव बाजार हाईवे पर ट्रक बिगड़ गई। वही साइड में चालक खड़ी कर दिया। पीछे से आ रही संतरा से भरी डीसीएम जैसे ही नव बाजार हाईवे पर पहुंची कि अचानक चालक को झपकी आ गई जब तक वह कुछ समझ पाता इतने में पीछे से कंटेनर में डीसीएम जोरदार टक्कर मार दी। अंदर चालक भवानी दत्त व खलासी संजय निवासी गड़ राजस्थान गंभीर रूप से घायल हो गया।तथा सूचना पर पहुंचे थाना अध्यक्ष उतराव पंकज त्रिपाठी घंटो मशक्कत के बाद चालक खलासी को गैस कटर से काटकर सुरक्षित बाहर निकाला। जहां प्यागीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। चालक खलासी का इलाज चल रहा है।वहीं एक बार फिर से पुलिस ने लापरवाही न करते हुए चालक व खलासी की जान बचा ही ली।

### नैनी में कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद का हुआ स्वागत



**नैनी।** नैनी चरघुनाथ पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष,राकेश जयसवाल ने भव्य स्वागत किया मेवा लाल बगिया पर कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद का हुआ स्वागत करछना में आयोजित कार्यक्रम में जाने से पूर्व नैनी के लेप्रोसी चौराहे पर लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद का भाजपा नेताओं ने जोरदार भव्य स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। भाजपा नेताओ और कार्यकर्ताओ ने जमकर जिंदाबाद के नारे भी लगे धर्मराज पटेल, गुड्डू गुडविल गैरेज, चंद्रबाली जाट, पिंटू जैन, काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नैनी में निकलेगी अक्षत कलश शोभायात्रा शुक्रवार को

**नैनी।** नैनी माधव ज्ञान केंद्र इंटर कॉलेज खरकौनी से निकलेगी शुक्रवार दोपहर 2:00 बजे से यह यात्रा प्रारंभ होगी अरैल मोड, से होते हुए मल्हारा फाटक ओवर ब्रिज, की तरफ से पोस्ट ऑफिस, होते हुए नैनी बाजार शंकर ढाल, अनेक स्थानों पर यात्रा निकलेगी जिसमें पूज्य संत, और समाज की बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे श्री राम जन्मभूमि पर रामलाला के विराजित होने का निमंत्रण अक्षत घर-घर पहुंचे 22 जनवरी को दीपावली जैसा माहौल हो और एक तिथि पर सभी लोग अयोध्या दर्शन को चले वह तिथि 30 जनवरी को दर्शन की होगी अक्षत वितरण कार्यक्रम की तैयारी बैठक नैनी माधव ज्ञान केंद्र इंटर कॉलेज में संपन्न हुई जिसमें प्रमुख रूप से प्रांत सेवा प्रमुख सत्य विजय, सेवा भारती प्रयाग के अध्यक्ष सुजीत, जिला प्रचारक अतुल, विभाग संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद अंशुमान, राजेश मिश्रा, दशरथ, गुरु प्रकाश राव, सविता शर्मा, रामराज पटेल, बबलू केसरवानी, संकर्षण पांडे, अश्वनी मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# उप राष्ट्रपति के अपमान पर भाजपाइयों ने फूंका पुतला




**झूंसी।** तृण मूल सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा राज्य सभा के सभापति जगदीपधनखड़ का मजाकिया वीडियो बनाकर उपहास करने के विरोध में भाजपाइयों ने कल्याण बनर्जी का पुतला फूंका। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष गंगापार लक्ष्मी कान्त उपाध्याय के नेतृत्व में भाजपाइयों ने झूंसी पुलिस बूथ के निकट पुतला दहन करते हुए राहुल गांधी, कांग्रेस पार्टी मुदार्बाद के नारे लगाते हुए मांग की कि राहुल गांधी व कल्याण बनर्जी उप राष्ट्रपति से माफी मांगे। इस दौरान जीत लाल त्रिपाठी, जिला महामंत्री राजेंद्र शुक्ल, काशीराम दुबे, उपेंद्र यादव, नागेंद्र प्रताप सिंह, अरुण पांडे, महेश पांडे, साधना तिवारी, वीरेंद्र सिंह, इंद्रमणि तिवारी, जय शुक्ला विपिन मिश्रा, गोरखनाथ सिंह, अनीता सिंह, सुशीला कश्यप, नेहा गिरी, नीलकमल निषाद, पार्षद शिवनारायण यादव घुंनु, सियाराम मौर्य, हिमांशु द्विवेदी, विनय कुमार सिंह, दिलीप निषाद, अनुराधा गिरी, नागेंद्र त्रिवेदी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कपठुआ, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक : 21.12.2023

ग्राम पंचायत **कपठुआ** में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/15 वां वित्त/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत **कपठुआ** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 22-12-2023 से दिनांक 04-01-2024 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 05-01-2024 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 05-01-2024 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | सी.सी. रोड से प्राथमिक विद्यालय तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.99 लाख | 6 माह |
| 2. | विजय के घर से हफीज के घर तक नाली मरम्मत एवं ढक्कन कार्य | 3.65 लाख | 6 माह |
| 3. | सदानन्द के घर से राम करन व राम आसरे के घर होते हुए नाला तक पक्की नाली निर्माण कार्य | 3.85 लाख | 6 माह |

एहतशाम उद्दीन (नजम)
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कपठुआ
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

अर्पित श्रीवास्तव
सचिव
ग्राम पंचायत कपठुआ
वि0 ख0 करछना प्रयागराज



## कार्यालय ग्राम पंचायत करेहा, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक 21-12-2023

ग्राम पंचायत **करेहा** में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/14/15 वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **करेहा** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 22-12-2023 से दिनांक 02-01-2024 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 03-01-2024 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 03-01-2024 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | पक्की सड़क से छिछला तालाब तक पक्की नाली निर्माण कार्य | 3.89 (लाख) | 6 माह |
| 2. | काली सड़क से छविनाथ के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.99 (लाख) | 6 माह |
| 3. | कमलेश के घर से मण्डी परिषद तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.99 (लाख) | 6 माह |
| 4. | गाटा संख्या 363 पर खेल मैदान निर्माण कार्य | 15.32 (लाख) | 6 माह |
| 5. | प्राथमिक विद्यालय कमरे में टाइल्स का कार्य | 4.99 (लाख) | 6 माह |

नूरसबा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत करेहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

अर्पित श्रीवास्तव
सचिव
ग्राम पंचायत करेहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# सनातन धर्म और संस्कृति अक्षय हैः स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

## रामानुज आश्रम पर हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रामानुज आश्रम पर धमार्धीश ज्योतिष पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 1008 पहुंचे जहां पर भक्तों ने वेदध्वनि के मध्य घंटा घड़ियाल बजाते हुए स्वागत किया। आप द्वारा सर्वप्रथम धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी एवं शिवलोक वासी द्वय पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन करके पूजन अर्चन किया गया। धमार्चार्य ओम प्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुजदास दास नारायणी रामानुजदासी विश्वम प्रकाश पांडे एवं इं पूजा पांडे द्वारा वेद मंत्रों के मध्य में पूज्य शंकराचार्य जी के पादुका का पूजन किया गया।



रामानुज आश्रम पर मौजूद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती।

इस अवसर पर आपने कहा जितनी भी सरकारे हुई उन्होंने सनातन धर्म की ओर ध्यान नहीं दिया। अबकी बार भाजपा सरकार ने हिंदुत्व की चर्चा किया जिसमें वह सनातनी हिंदू नहीं बल्कि सावरकर के विचारों से प्रेरित हिंदुत्व की बात करते हैं किंतु अन्य सरकारों की अपेक्षा भाजपा सरकार में सनातनियों को कुछ महत्व दिया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से योगी शैलेंद्र सिंह मीडिया सक्षम योगी पंडित श्याम किशोर शुक्ला ओमप्रकाश त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष भाजपा दिनेश शर्मा प्रतिनिधि डॉक्टर महेंद्र सिंह एमएलसी अशोक शर्मा विधि देव शुक्ला संतोष त्रिपाठी बद्री प्रसाद मिश्रा आचार्य आलोक ऋषि वंश संजय शरण शांडिल्य सरला ओझा रामानुजदासी विश्वम प्रकाश पांडे राकेश सिंह हेमंत शुक्ला इं अनामिका पांडे डॉ विवेक पांडे डॉक्टर अवंतिका पांडे डॉ अंकिता पांडे वैदेही शुक्ला रितु पांडे अनीता द्विवेदी निधि सिंह नीलम सिंह सौरभ द्विवेदी रामचंद्र मिश्रा पूर्व प्राचार्य आचार्य कमलेश तिवारी जवाहरलाल द्विवेदी एडवोकेट शिव प्रसाद मिश्र एडवोकेट संतोष तिवारी एडवोकेट सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। पत्रकार बंधुओ को पूज्य शंकराचार्य जी द्वारा प्रसाद प्रदान करते हुए आशीर्वचन प्रदान किया गया।

# तरौल गांव की प्रधानी का पुनः चुनाव कराये जाने का हुआ आदेश

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापपगढ़।** विकास खंड मांधाता की ग्राम पंचायत तरौल गांव की प्रधानी को एस डी एम ने निरस्त कर पुनः चुनाव कराने का आदेश दिया है। महिला के लिए आरक्षित सीट पर गांव के राजेश यादव की पत्नी माधुरी यादव चुनाव जीत कर ग्राम प्रधान बनी थीं। उनकी प्रतिद्वंदी शुशीला देवी यादव पत्नी कमलेश यादव दूसरे स्थान पर थी। हारने के बाद शुशीला देवी यादव ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि वर्तमान प्रधान माधुरी देवी स्वास्थ्य विभाग में आशा बहू के रूप में कार्यरत हैं।

इतना ही नहीं उनकी देवरानी गांव की आंगनवाड़ी कार्यकत्री हैं जो बीएलओ के रूप में बूथ पर मौजूद थीं और अपनी जेठानी के पक्ष में फर्जी मतदान करा रहीं थीं। शिकायत पर प्रकरण की जांच उप जिलाधिकारी द्वारा कराई गई। जांच रिपोर्ट में माधुरी यादव का आशा बहू होना पाया गया और चुनाव की जीत हार के बाद भी वर्तमान प्रधान ने अपने आशा बहू के पद से इस्तीफा नहीं दिया। सभी साक्ष्यों व प्रपत्रों के आधार पर 20 दिसंबर 23 को माधुरी यादव की प्रधानी निरस्त कर दी गई। उप

# खादी ग्रामोद्योग तथा माटीकला बोर्ड का एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** खादी ग्रामोंद्योग तथा उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पट्टी विकासखंड के बेसार गांव में आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रामकरण दुबे ने बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के द्वारा खादी ग्रामोद्योग तथा माटी कला के उत्पादों की महत्व उपयोगिता के बारे में जानकारी दिया। तहसील क्षेत्र के बेसार गांव में स्थित चतुर्भुज मंदिर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रामकरन दुबे ने बताया कि खादी ग्रामोद्योग तथा माटीकला बोर्ड द्वारा लोगों को ऋण सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

जिसमें खनिज आधारित उद्योग, वन आधारित उद्योग, कृषि आधारित, बहुलक और रसायन आधारित, इंजीनियरिंग तथा परंपरागत ऊर्जा, वस्त्र उद्योग, सेवा उद्योग सहित कई प्रकार की सेवाएं प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य रामसूरत राजभर के प्रतिनिधि विकास शर्मा, विशिष्ट अतिथि आलोक गर्ग, अति विशिष्ट अतिथि शाखा प्रबंधक ग्रामीण बैंक आदित्य सिंह, ग्राम प्रधान बेसार कंचन वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी संदीप कुमार ने भी लोगों को खादी ग्रामोद्योग की योजनाओं के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शेर बहादुर वर्मा, रामचंद्र सिंह, अरविंद पटेल, प्रेमचंद, निर्मला देवी, विमलेश शर्मा, पंकज, अतुल, निशा, नेहा, प्रियंका, सपना, श्वेता, संगीता, रुचि वर्मा, अंजू देवी, सुषमा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक विकास अधिकारी राहेंद कुमार शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शेर बहादुर वर्मा ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर के कार्यों को प्रधानमंत्री ने की सराहना

## सांसद विनोद सोनकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर सौपी प्रगति रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कौशाम्बी लोकसभा में हुए विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट एवं कौशांबी महोत्सव की स्मारिका बुधवार को कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सौंपी।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सांसद विनोद सोनकर ने मोदी वैन के बारे में बताया कि पिछले तीन वर्षों से लगातार कौशाम्बी लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में निःशुल्क स्वास्थ्य की जांच व आवश्यक दवाये उपलब्ध कराई जा रही है। यही नही यह वैन हाई स्पीड इंटरनेट



प्रधानमंत्री से मुलाकात करके प्रगति रिपोर्ट देते सांसद विनोद सोनकर।

से संरक्षित है। प्रधानमंत्री का लाईब सन्देश, मन की बात को दूर दराज गांवो में लोगों को सुनाया जाता है। सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार भी किया जाता है। अभी हाल में ही प्रधानमंत्री की मन की बात को सांसद ने कौशाम्बी जेल के अन्दर कैदियों के बीच बैठकर सुना गया। कैदियों में सुधार को लेकर बीते 10 दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक कृष्ण राम कथा का आयोजन किया गया। जिस पर प्रधानमंत्री ने सराहना की। उक्त जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने देते हुए बताया कि कौशाम्बी लोकसभा लगातार विकास की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारण्टी की गाड़ी गांवो में पहुंच रही है। अब देश मे एक ही गारण्टी चल रही है। मोदी की गारण्टी।

## ग्राम प्रधान ने निर्धन असहाय को वितरण किया कम्बल

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कडाके की ठंड को देखते हुए ब्लाक कालाकाकर की ग्राम पंचायतन परियावां के ग्राम प्रधान बबिता मौर्य पति अनिल कुमार मौर्य ने ग्राम पंचायत की गरीब तप के महिलाओ व वयोवृद्ध पुरुषों को ऊनी कंबल गुरुवार को तुलसी का पुरवा मे वितरण किया ग्राम प्रधान द्वारा वितरण किये गये ऊनी कंबल पाकर लोगो के चेहरे खुशी से खिल उठे और ग्राम प्रधान के इस कार्य की ग्रामीणो ने सराहना किया। ग्राम पंचायत सचिव ब्यास कुमार मौर्य ने ग्राम प्रधान के उठाये गये इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि इस कडाके की गलन मे ग्राम प्रधान द्वारा गरीबो को जो ऊनी कम्बल वितरण किया है बहुत ही नेक कार्य किया है। गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। गरीबों की आशीर्वाद का फल बहुत अच्छा मिलता है। इस मौके पर ग्राम प्रधान के सभी कार्यकर्ता सहयोग में लगे रहे।

# मेडिकल कॉलेज में पहली बार दूरबीन विधि से हुई लिगामेंट की सर्जरी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को दूरबीन विधि से लिगामेंट की पहली सर्जरी हुई। जटिल सर्जरी की श्रखंला में एक और कड़ी जुड़ गई। इसके लाभ मरीजों मिलेगा। कंधई मदाफरपुर के आशीष जायसवाल (25) का तीन साल पहले सड़क हादसे में घायल हो गए थे। उसके बाद से उनके घुटने के स्नायु में (लिगामेंट) तकलीफ शुरू हो गई थी।

कानपुर में इलाज के दौरान डाक्टरों ने बताया कि लिगामेंट टूट गया है। जिससे यह समस्या आई है। हालांकि उन्होंने दवा की लेकिन कोई राहत नहीं मिली पाई। कुछ दिन पहले आशीष मेडिकल कॉलेज के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सचिन से मिले। उन्हें घुटना दिखाया। उन्होंने सर्जरी की सलाह दी। गुरुवार को राजा प्रताप बहादुर

## जटिल सर्जरी श्रखंला में एक और कड़ी जुड़ी

अस्पताल की मॉड्यूलर ओटी में आशीष के घुटने की सर्जरी हुई। आशीष आयुषमान कार्ड धारक हैं। डाक्टर सचिन ने बताया कि लिगामेंट टूट गया था। दूरबीन विधि से सर्जरी हुई है। मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रहा प्रताप बहादुर अस्पताल में अभी तक घुटने और कूल्हे की जटिल सर्जरी होती रही है। अब दूरबीन विधि से लिगामेंट का आपरेशन भी शुरू हो गया है। इससे मरीजों को काफी राहत मिलेगी। बता दें कि लिगामेंट शरीर में मजबूत टिशु का समूह होता है, जो हड्डियों को आपस में जोड़ता है। यह चार प्रकार का होता है।

# विधायक के खिलाफ धन उगाही का आरोप लगाकर ठेकेदारों ने किया प्रदर्शन

## मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर जांच कराये जाने की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार संघ ने गुरुवार को विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल के विरुद्ध धन उगाही का आरोप लगाते हुए लोक निर्माण विभाग के कार्यालय पर प्रदर्शन किया और मांग किया कि विधायक तथा उनके पुत्र द्वारा धन उगाही की शिकायतों की जांच कर उचित कार्यवाही की जाए।

इस दौरान ठेकेदारों ने विधायक के विरुद्ध नारे लगा रहे थे। उन्होंने हाथ में तख्तियां ले रखी थी जिसमें लिखा था कि ठेकेदार



विधायक के खिलाफ प्रदर्शन करते ठेकेदार संघ के पदाधिकारी।

उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगा।लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गये शिकायती पत्र में कहा गया है कि विधान सभा विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल द्वारा तरह-तरह से धन उगाही करने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों को प्रताड़ित करने का काम किया जा रहा है. जिसके कारण ठेकेदार संघ प्रतापगड द्वारा ऊबकर निर्माण विभाग के विधानसभा विश्वनाथगंज में किया जा रहे कार्यों को निकट भविष्य में स्थगित करने का निर्णय लेने के लिए विवश हो जाने की स्थिति होती जा रही है।

ठेकेदारों ने यह भी बताया कि जांच हेतु निर्धारित प्रक्रिया न अपना कर स्वयं विधायक द्वारा अथवा उनके सुपुत्र द्वारा जगह-जगह ट्रैक्टर और औजार लेकर सड़कों को अपनी मौजूदगी में खुदवा कर नष्ट कर दिया जाता है। यही नहीं पैसा ना मिलने पर उनके द्वारा जांच की धमकी के साथ-साथ साइड पर कार्य कर रहे मजदूरी व कर्मचारियों को गालिया भी दी जाती है।



मण्डल स्तर पर चयनित छात्राएं व शिक्षकगण।

# मण्डल स्तर के लिये चयनित हुईं जीजीआईसी की छात्राएं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में आयोजित दो दिवसीय स्काउट गाइड के जनपद स्तरीय कार्यक्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त करके शील्ड प्राप्त किया और मंडल के लिए चयनित हुई। विशेष फील्ड प्रदर्शन में सांस्कृतिक टीम को भी विशेष रूप से सभी ने सराहा एवं प्रशंसा की। इस उपलब्धि पर राकेश धर जिला विकास अधिकारी एवं प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़, सरदार सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़, गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य एवं उप प्रधानाचार्य श्रीमती गीता राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ कुलश्रेष्ठ तिवारी प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ ,डॉक्टर विंध्याचल सिंह, डॉक्टर मोहम्मद अनीस, संजीव शर्मा प्रमोद कुमार तिवारी आदि ने बधाइयां दिया और छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एमडीपीजी कालेज में इग्नू की टर्म परीक्षाएं शुरू, चार अनुपस्थित, चार जिलों के परीक्षार्थी हुए शामिल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय की टर्म परीक्षाएं जनपद में एकमात्र परीक्षा केंद्र एमडीपीजी कॉलेज अध्ययन केंद्र पर सुचारू रूप से संपन्न हो रही हैं। गुरुवार को संपन्न परीक्षा में चार परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सख्ती के चलते बड़ी संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा छोड़ रहे हैं। सुल्तानपुर, अमेठी जौनपुर एवं प्रतापगढ़ जनपदों के परीक्षार्थी इन परीक्षाओं में शामिल हो रहे हैं।

इन चार जिलों के परीक्षार्थियों के लिए एमडीपीजी को ही परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्राचार्य प्रो



परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते अध्यापकगण।

मनोज मिश्र के निर्देशन एवं समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह के संयोजन एवं निगरानी में परीक्षाएं सुचारू रूप से संपन्न हो रही हैं। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी एवं इग्नू के काउंसलर डॉ सी एन पांडे ने बताया कि इस केंद्र पर कुल 774 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। एमबीए, एमसीए, पीजीजीएमसी, एम काम, एम ए (हिंदी, हिस्ट्री, इकोनॉमिक्स, इंग्लिश, पॉलिटिकल साइंस सहित 40 पाठ्यक्रमों के परीक्षार्थी इस केंद्र पर परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। केंद्र के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह ने बताया कि आज 28 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 24 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और चार परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। आवश्यक तलाशी के उपरांत ही परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जा रहा है। ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षाएं संपन्न हो रही हैं। महाविद्यालय के शिक्षकों के अलावा विजय पांडे, मो.अयूब, रोहन सिंह आदि परीक्षाओं में सहयोग दे रहे हैं।

# टेन्ट हाउस में लगी आग, सामान जलकर राख

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कटरा मेदनीगंज लीलापुर कोतवाली के विक्रमपुर मोड मोहनगंज के पास राजेंद्र सिंह ने शेखर टेंट हाउस के नाम से दुकान खोल रखी है। गुरुवार की सुबह लगभग 8:30 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई जिससे टेंट का रजाई गद्दा बर्तन सोफा मेहराब आदि सामान जलकर राख हो गया। राजेंद्र सिंह ने बताया कि आज लगभग 8:30 बजे गोदाम से धुआं उठता दिखा तो दौड़कर सटल उठाया और देखा कि सारा सामान जल रहा था मौके पर पहुंची लीलापुर कोतवाली तथा मोहनगंज चैकी की पुलिस फोन करके फायर ब्रिगेड को सूचना दी और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई। अभी आग बुझी ही नहीं थी कि फायर ब्रिगेड के टैंकर का पानी खत्म हो गया, जिससे बगल के समरसेबल से टैंकर को भरा जा रहा था टेंट हाउस के मालिक ने बताया कि उसे घरेलू सामान भी जल गया था जिसमें लगभग 25 से 30 लख रुपए क्या नुकसान होने का संभावना है।

# गुरुद्वारा में मना गुरु गोबिन्द सिंह का शहीदी दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** गुरुद्वारा गुरु नानकशाही बाबागंज में गुरुवार को गुरु गोबिंद सिंह के शहीदी दिवस पर शहीदी सप्ताह मानते हुए एक विशेष कथा समागम हुआ जिसमे अमृतसर पंजाब के कथा वाचक ज्ञानी बूटा सिंह ने गुरुगोबिंद व उनके चार शाहीबजादों की शहादत पर इतिहास विस्तार से बताया। इस अवसर पर भारी संख्या में स्त्री, पुरुष व बच्चे गमगीन माहौल में कथा श्रवण करते रहे। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने इस अवसर पर कहा कि आज से एक सप्ताह ना तो कोई मिष्ठान का प्रसाद बटेगा न ही किसी को सिरोपा से सम्मानित किया जाएगा। पंजाब में तो पूरा सप्ताह लोग शहीदी सप्ताह में बिना बिस्तर के जमीन पर सोते हुए अपनी श्रृद्धाजली अर्पित करते हैं। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से मंजीत सिंह छाबड़ा, कर्मजीत सिंह, निर्मल सिंह, जगमीत सिंह, मंजीत सिंह गोबिंद, सरबजीत सिंह, नरेंद्र सिंह, हरप्रीत सिंह, गुरप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# ठंड से बचाने के लिए बेजुबान जानवरों को बोरे के कोट पहनाएगा क्लब

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल की बैठक क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी भीषण ठंड को देखते हुए यह निर्णय लिया गया कि गत वर्ष की भांति गर्म कपड़े, स्वेटर, कंबल के साथ ही बेजुबान जानवरों के लिए क्लब बोरे के कोट पहनाकर भीषण ठंड से बचाने की कोशिश करेगा। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि क्लब जाडे. से बचने के लिए गर्म कपड़े, स्वेटर, कंबल का वितरण कर रहा है। इसी क्रम में गत वर्ष की भांति बेजुबान जानवरों के लिए क्लब बोरे के कोट पहनाकर ठंड से बचाने का अभियान चलाएगा। क्लब के पदाधिकारी गली कूचे में और चैराहों पर घुमंतू जानवरों को बोरे के कोट पहनाकर भीषण ठंड से बचाया जाएगा। रोशनलाल उमरवैश्य ने सभी जनमानस से अपील की इन बेजुबान पशुओं को भी भीषण ठंड से बचाने में अपना सहयोग दें। धरती पर पशुओं को भी जीने का उतना अधिकार है ।

# मानसिक स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

## पट्टी सीएचसी में नगर अध्यक्ष ने काटा फीता

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** गुरुवार को पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक मानसिक स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसका शुभारंभ पट्टी नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने फीता काटकर किया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी डॉक्टर तथा स्टाफ मौजूद रहे।



नगर अध्यक्ष का स्वागत करते आयोजकगण।

फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ के बाद नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने कहा कि मानसिक रोगों की पहचान करना बहुत ही आवश्यक है, अगर नींद कम रही है, आत्महत्या का विचार आ रहा है, बेवजह शक करना, बिना वजह के मुस्कुराना ,बच्चों की पढ़ाई लिखाई में ध्यान न लगना, मिर्गी व बेहोशी जैसे लक्षण नजर आ रहे हैं तो निश्चित रूप से किसी चिकित्सक का परामर्श लेना चाहिए शुरूआती समय में इलाज से बीमारी गंभीर नहीं हो पाती है और रोगी स्वस्थ हो जाता है स्वास्थ्य शिविर योजना के दौरान पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक अखिलेश जायसवाल डॉ राकेश डॉक्टर ज्ञानेंद्र मौर्य डॉक्टर नीरज सिंह डॉक्टर पंकज इम्तियाज सहित सभी स्टाफ मौजूद रहे अधीक्षक अखिलेश कुमार जायसवाल ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# वाहन की टक्कर से वृद्ध महिला की मौके पर हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाजार से खरीददारी करके घर जा रही वृद्ध महिला को रास्ते में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। दुर्घटना को लेकर मृतका के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बीजूमऊ गांव की बुधाईन 62 पत्नी हरिश्चंद्र सरोज बुधवार की देर शाम स्थानीय बाजार से सामान लेकर पैदल ही अपने घर जा रही थी। रास्ते में कमल तिराहा भटनी के पास अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। आसपास के लोग भाग कर मौके पर पहुंचे और घायल वृद्धा को अस्पताल भेजवाने की तैयारी में जुटे थे कि इसी बीच वृद्धा ने दम तोड़ दिया।

## संपादकीय


# ठिठुरता गणतंत्र, आहत महामहिम

**एक तो** दिल्ली की सर्दी, ऊपर से ठिठुरते हुए गणतंत्र की चिंता और इसमें सांसदों का ऐसा व्यवहार, महामहिम का आहत होना स्वाभाविक था। उन्होंने भी टू मच डेमोक्रेसी की तरह कह दिया कुछ तो सीमा होती होगी। कुछ जगह तो बख्शो। सही बात है जो काम प्रधानमंत्री मोदी का है, अब उसे दूसरे सांसद करने लग जाएंगे, तो ये मोदीजी के अधिकार क्षेत्र का सरासर उल्लंघन है।

कड़ाके की सर्दी पड़नी शुरू हो गई है। गण कांप रहे हैं, तंत्र पर पाला पड़ गया है। परसाई जी आज होते तो शायद ठिठुरते गणतंत्र में आहत महामहिम की व्यथा-कथा पर भी लिखते कि कैसे ऊंची कुर्सियों पर बैठे लोगों के हक मारे जा रहे हैं। अब समझ आ रहा है कि माननीय मोदीजी क्यों देश में भव्य राम मंदिर बनवा रहे हैं। बेचारे राम कब से अपने घर के बाहर हैं। सोचने वाली बात है कोई घर से बाहर रहेगा तो कैसे राज कायम करेगा। इसलिए मंदिर में श्री राम का विराजना और संसद में प्रधानमंत्री की आसंदी पर नरेन्द्र मोदी का विराजना जरूरी है। जब ऐसा होगा, तभी राम राज कायम होगा। अभी तो घोर कलजुग चल रहा है। सनातन धर्म को चुनौती दी जा रही है। क्या पिघले हुए सीसे अधर्मियों के कान में डालने की जगह नालियों में बहा दिए गए हैं। इसलिए इन्हीं नालियों से गैस बनाने का गुर मोदीजी सिखा रहे थे। कितने ज्ञानी और दूरदर्शी हैं वे, हर बात वक्त से पहले समझ जाते हैं। उन्होंने 2001 में ही देख लिया था कि आने वाले सालों में देश का क्या हाल होने वाला है। चाय बेचते-बेचते संन्यास लेने और गुफा में चश्मा लगाकर तपस्या करने का यही तो लाभ है कि आप इहलोक-परलोक सबके संकेत समझ जाते हैं। उन्हें अहसास था कि सदियों से चले आ रहे लोकतंत्र को आजादी के बाद मिले लोकतंत्र से चुनौती मिल सकती है। नेहरू एंड कंपनी ने आजादी और अधिकारों के नाम पर निचले तबके के लोगों को भी सिर चढ़ा लिया था। तभी तो एक बूढ़ी महिला ने नेहरू के गिरेबान को पकड़ कर सवाल कर लिया था कि आजादी मिली, तुम प्रधानमंत्री बन गए तो हमें क्या मिला। बदले में नेहरू ने जवाब दिया था कि आपको ये मिला है कि आप देश के प्रधानमंत्री का गिरेबान पकड़ कर खड़ी हैं। बताइए भला, ये भी कोई बात हुई कि प्रधानमंत्री का गिरेबान पकड़ लिया जाए और वो बुरा भी न माने। बुलबुलसवार वीरों ने ऐसी आजादी की कल्पना कतई नहीं की थी। इसलिए आजादी की लड़ाई की जगह माफी मांगने पर जोर दिया गया। लेकिन इन कांग्रेसियों को कौन समझाए। आजादी के लिए लड़ते रहे, मरते रहे और जब आजादी मिली तो ऐसा लोकतंत्र और संविधान ले आए कि नीच-ऊंच सब सपाट करने की बात होने लगी। इसलिए अभी सरकार जितने तरह से हो सके, देश को ये समझा रही है कि असली आजादी 15 अगस्त के बाद मिली है, उसके पहले तो देश नेहरू का गुलाम रहा। मोदीजी जो बात-बात में नेहरू की गलतियां निकालते रहते हैं, उसमें कुछ गलत नहीं है। अगर वो भी नेहरू के नक्शेकदमों पर चल रहे होते तो फिर अखंड भारत और हिंदू राष्ट्र की बात कैसे होती। बिचारे ठिठुरते गणों ने कितने सपनों से मोदीजी को एक नहीं दो-दो बार सत्ता पर बिठाया है, ताकि देश में हिंदुओं का शासन कायम हो सके। मोदीजी को जुमलेबाज कहने वाले देशद्रोही ही नहीं गणद्रोही भी हैं। उन्हें मोदीजी को जुमलेबाज कहने की जगह देखना चाहिए कि हिंदुत्व के उत्थान के लिए कैसे वे दिन-रात एक करके काम कर रहे हैं। काम करने का मतलब, एक के बाद दूसरा मंदिर बनवाने से है। अयोध्या की जिम्मेदारी पूरी हो चुकी है। अब काशी, मथुरा कतार में लगा दिए गए हैं। इसके अलावा कभी महाकाल, कभी तिरूपति, कभी अक्षरधाम, कभी केदारनाथ, कहीं न कहीं मोदीजी पूजा-पाठ करते दिख ही जाएंगे। सनातन का महात्म्य इसी में है कि देश का प्रधानमंत्री दिन-रात भगवान की पूजा में लगा दे। पहले के प्रधानमंत्रियों ने, यानी 1947 से लेकर 2014 तक के प्रधानमंत्रियों ने देश को गुमराह किया कि हम आजाद हैं। पुराने संसद भवन से सेंगोल गायब था, इसलिए सांसदों को इतनी छूट मिली हुई थी कि वे सवाल-जवाब कर सकें। सांसदों को सिर पर चढ़ने देने की गलती नेहरूजी ने खूब की, इसलिए उनके गंजे सिर तक पर संसद में तंज कसे गए। इससे जनता को और मुगालता हुआ कि हम आजाद हैं और देश में लोकतंत्र है। नेहरू की गलतियों को उनके आगे के प्रधानमंत्रियों ने भी जारी रखा। इसलिए शून्यकाल, प्रश्नकाल, हर तरह के काल में सवाल पूछे गए और सरकार ने जवाब दिए। हद ही हो गई थी। इसलिए मोदीजी ने योजना आयोग की जगह नीति आयोग बनाकर बिल्कुल सही किया, तभी तो नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत देश को समझा पाए कि हमारे यहां टू मच डेमोक्रेसी है। किसानों, मजदूरों, महिलाओं, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों सबको अधिकार का अ, बगावत का ब, सम्मान का स सीखा दिया गया था। जब हमारे पुराणों, मनु स्मृति में इन्हें दबाकर रखने कहा गया है तो फिर इस व्यवस्था को बदलने की क्या जरूरत है। इससे पहले कि पानी सिर के ऊपर से निकलता, टू मच डेमोक्रेसी को आखिरी विदा देने का फैसला ले लिया गया। नए संसद भवन में सेंगोल को कितने श्रद्धाभाव से पुजारियों के दिशा-निर्देशों पर मोदीजी ने स्थापित किया था। उस सेंगोल को प्रयागराज के संग्रहालय की तरह सजावट की वस्तु बनाकर तो रखना नहीं था। इसलिए अब उसका इस्तेमाल शुरू हुआ है। जैसे नए चाकू की धार तेज होती है और बड़ी तेजी से सख्त दिखने वाले गाजर-मूली को काट देती है, कुछ इसी अंदाज में सेंगोल की छांव तले लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों से आवाज उठाने वाले सांसदों को बाहर किया गया। लेकिन सांसदों की धृष्टता इस पर भी खत्म नहीं हुई। संसद परिसर में बैठकर ही राज्यसभा सभापति की नकल उतारना और नकल उतारने वाले का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। एक तो दिल्ली की सर्दी, ऊपर से ठिठुरते हुए गणतंत्र की चिंता और इसमें सांसदों का ऐसा व्यवहार, महामहिम का आहत होना स्वाभाविक था। उन्होंने भी टू मच डेमोक्रेसी की तरह कह दिया कुछ तो सीमा होती होगी।

# किसानो कि बुलंद आवाज थे चौधरी चरण सिंह

**रमेश सर्राफ धमोरा**



**देश के** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह कहते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। उनका कहना था कि भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वो देश कभी तरक्की नहीं कर सकता। इसीलिये देश के लोगो का आज भी मानना है कि चौधरी चरण सिंह एक व्यक्ति नहीं विचारधारा थे। चौधरी चरण सिंह ने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की थी कि किसानों को खुशहाल किए बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उनकी नीति किसानों व गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की थी। उन्होने किसानों की खुशहाली के लिए खेती पर बल दिया था। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल सके इसके लिए भी वो बहुत गंभीर रहते थे। उनका कहना था कि भारत का सम्पूर्ण विकास तभी होगा जब किसान, मजदूर, गरीब सभी खुशहाल होंगे। चौधरी चरण सिंह की गिनती हमेशा एक ईमानदार राजनेता के तौर पर की जाती है। उन्होंने जीवन पर्यन्त किसानों की सेवा को ही अपना धर्म माना और अपने अंतिम समय तक देश के गांव में रहने वाले किसानों, गरीबों, दलितो, पीड़ितों की सेवा में ही पूरी जिंदगी गुजारी। चौधरी चरण सिंह जाति प्रथा के कट्टर खिलाफ थे। चौधरी चरण सिंह एक कुशल लेखक भी थे। उनका अंग्रेजी भाषा पर अच्छा अधिकार था। उन्होंने कई पुस्तकों का लेखन भी किया। 29 मई 1987 को 84 वर्ष की उम्र में जब उनका देहान्त हुआ तो देश के किसानो ने सरकार में पैरवी करने वाला अपना नेता खो दिया था। लोगों का मानना था कि चरण सिंह से राजनीतिक गलतियां हो सकती हैं लेकिन चारित्रिक रूप से उन्होंने कभी कोई गलती नहीं की। इतिहास में उनका नाम प्रधानमंत्री से ज्यादा एक किसान नेता के रूप में जाना जाता है। चौधरी चरण सिंह ने ही भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे पहले आवाज बुलन्द करते हुये आह्वान किया था कि भ्रष्टाचार का अन्त ही देश को आगे ले जा सकता है। चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसम्बर,1902 को गाजियाबाद जिले के नूरपुर गांव के चौधरी मीर सिंह के घर हुआ था। बाद में उनका परिवार नूरपुर से जानी खुर्द गांव आकर बस गया था। 1928 में चौधरी चरण सिंह ने आगरा विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा लेकर गाजियाबाद में वकालत प्रारम्भ की। 1930 में महात्मा गांधी द्वारा नमक कानून तोडने के समर्थन में चरण सिंह ने हिण्डन नदी पर नमक बनाया जिस पर उन्हे 6 माह जेल की सजा हुई। 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी चरण सिंह गिरफ्तार किये गये। 1942 में अगस्त क्रांति के माहौल में चरण सिंह को गिरफ्तार कर डेढ़ वर्ष की सजा हुई। जेल में ही चौधरी चरण सिंह की लिखित पुस्तक शिष्टाचार भारतीय समाज में शिष्टाचार के नियमों का एक बहुमूल्य दस्तावेज है।

चौधरी चरण सिंह खुद एक छोटे से गांव में एक किसान के घर जन्मे थे। बचपन से ही उन्होंने गांव के किसानों, गरीबों के दुखः दर्द को नजदीकी से देखा जाना था। इसलिये उन्हें उनकी समस्याओं का बखूबी अहसास था। उनको जब कभी कहीं मौका मिलता वे गांव के किसानों की सेवा करने से नहीं चूकते थे। उनके दिल में हमेशा गांव के किसान ही बसे रहते थे। चौधरी चरण सिंह जीवन पर्यन्त गांधी टोपी धारण कर महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बने रहे। आज देश के किसान कर्ज में डूबे हुये हैं। उनको उनकी उपज का पूरा दाम नहीं मिल पाता है।

अपनी खराब आर्थिक स्थिति के चलते देश में बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहें हैं। केन्द्र व राज्य सरकारें भी किसानो के भले की योजनायें बना पाने में नाकाम रही है। चुनाव के समय राजनीतिक पार्टियां किसानो को झांसा देकर उनके वोट बटोर लेती है। फिर किसी का ध्यान किसानो की समस्याओं के समाधान करने की तरफ नहीं जाता है। ऐसे में आज देश के किसानो को चौधरी चरणसिंह जैसे सच्चे किसान हितैषी नेता की जरूरत है। जो उनके हक में खड़ा होकर किसानो की आवाज बुलन्द कर सके व उनका वाजिब हक दिला सके। चौधरी चरण सिंह भारतीय राजनीति में एक बड़े नेता थे। मगर इंदिरा गांधी के सहयोग से कुछ समय के लिये देश के प्रधानमंत्री बन कर उन्होने देश में पहली बार कांग्रेस के खिलाफ बने एक मजबूत गठबंधन को तोड़ा था। उससे उनकी प्रतिष्ठा को भी गहरा आघात पहुंचा था। चौधरी चरण सिंह को 1951 में उत्तर प्रदेश सरकार में न्याय एवं सूचना विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 1952 में डॉक्टर सम्पूर्णानंद के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्हें राजस्व तथा कृषि विभाग का दायित्व मिला। एक जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को खेती करने के अधिकार मिले। 1954 में उन्होने किसानों के हित में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। चरण सिंह स्वभाव से भी कृषक थे तथा कृषक हितों के लिए अनवरत प्रयास करते रहे। 1960 में चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में उन्हें गृह तथा कृषि मंत्री बनाया गया। उत्तर प्रदेश के किसान चरण सिंह को अपना रहनुमा मानते थे। उन्होंने कृषकों के कल्याण के लिए काफी कार्य किए। लोगों के लिए वो एक राजनीतिज्ञ से ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके भाषण को सुनने के लिये उनकी जनसभाओं में भारी भीड़ जुटा करती थी। किसानो में चौधरी साहब के नाम से मशहूर चौधरी चरण सिंह 3 अप्रैल 1967 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। तब 1967 में पूरे देश में साम्प्रदायिक दंगे होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में कहीं पत्ता भी नहीं हिल पाया था। 17 फरवरी 1970 को वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। अपने सिद्धांतों से उन्होने कभी समझौता नहीं किया। 1977 में चुनाव के बाद जब केन्द्र में जनता पार्टी सत्ता में आई तो मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने और चरण सिंह को देश का गृह मंत्री बनाया गया। केन्द्र में गृहमंत्री बनने पर उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की। 1979 में वे उप प्रधानमंत्री बने। बाद में मोरारजी देसाई और चरण सिंह के मतभेद हो गये। 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक चौधरी चरण सिंह समाजवादी पार्टियों तथा कांग्रेस के सहयोग से भारत के पांचवें प्रधानमंत्री बने।


अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने 2001 में हर वर्ष 23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह की जयंती को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाने की जो परम्परा शुरू की थी उससे जरूर उनको साल में एक दिन याद किया जाने लगा है। आज किसानो कि हालात को देखकर चौधरी चरणसिंह जैसे देश के बड़े किसान नेता की याद आना स्वाभावित ही है। मौजूदा समय में चौधरी चरणसिंह जैसा नेता होता तो किसानो को उनका वाजिब हक मिलने से कोई नहीं रोक सकता था। चौधरी चरण सिंह जैसे किसानो के बड़े नेता द्वारा किसानो के हित में किये गये कायों को देखते हुये वर्षो पूर्व ही उनको भारत रत्न सम्मान मिलना चाहिये था। मगर सरकारों की अनदेखी के चलते अभी तक उनको उचित सम्मान नहीं मिल पाया है। नरेन्द्र मोदी सरकार को चौधरी चरण सिंह जैसे सच्चे बड़े व सच्चें किसान नेता को भारत रत्न प्रदान कर सच्ची श्रृद्धांजलि अर्पित करनी चाहिये। इससे देश के करोड़ों किसानों के साथ ही सरकार का भी सम्मान बढ़ेगा।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

# गतिरोध एवं उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करना दुर्भाग्यपूर्ण

**ललित गर्ग**





**लोकसभा** एवं राज्यसभा में सत्तापक्ष या विपक्ष का अनुचित एवं अलोकतांत्रिक व्यवहार न केवल अशोभनीय, अनुचित एवं मयार्दाहीन है बल्कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की आदर्श परम्पराओं को धुंधलाने वाला है। शीतकालीन सत्र से लोकसभा के अब तक 95 एवं राज्यसभा के 46 कुल 141 सांसदों को सस्पेंड किए जाने के बाद विपक्षी सांसद संसद परिसर में धरना दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी की और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतारकर मिमिक्री की, निश्चित ही इस तरह का अपमानजनक एवं अशालीन व्यवहार भारत के लोकतंत्र को कलंकित करने की चिन्ताजनक घटना है। उपराष्ट्रपति सर्वोच्च एवं सम्मानजनक पद है, इसकी गरिमा को आहत करना एवं उस पर आंच आने का अर्थ है राष्ट्र की अस्मिता एवं अस्तित्व को धुंधलाने की कुचेष्टा। तभी उपराष्ट्रपति धनखड़ ने इस घटना को शर्मनाक बताते हुए कहा कि यह हास्यास्पद और अस्वीकार्य है कि एक सांसद मेरी मजाक उड़ा रहा है और दूसरा सांसद उस घटना का वीडियो बना रहा है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि मुझे अपनी परवाह नहीं है, मैं ये बर्दाश्त कर सकता हूं. लेकिन मैं कुर्सी का अपमान बर्दाश्त नहीं करूंगा। इस कुर्सी की गरिमा बरकरार रखने की जिम्मेदारी मेरी है। मेरी जाति, मेरी पृष्ठभूमि, इस कुर्सी का अपमान किया गया है। यहां बात सिर्फ लोकतंत्र के अपमान की भी नहीं है। संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की जिस तरह मिमिक्री कर उनका अपमान करने और हमारे संवैधानिक सर्वोच्च संस्थानों पर राजनीतिक हमले किये जाने का जो सिलसिला चला है वह एक तरह से भारत की छवि पर हमला है। इतने अधिक सांसदों का निलम्बन एवं उपराष्ट्रपति का अपमान लोकतांत्रिक इतिहास में इन्हें दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के रूप में देखा जाएगा। यह विपक्षी दलों की बौखलाहट ही है कि अपनी सरकती राजनीतिक जमीन को बचाने की जुगत में वे जायज-नाजायज सभी तरीके इस्तेमाल कर रहे हैं, यह भूलकर की उनकी भी कुछ मयार्दाएं एवं लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है। यही विपक्ष कभी राष्ट्रपति तो कभी उपराष्ट्रपति, तो कभी प्रधानमंत्री के लिये अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए लोकतांत्रिक मयार्दा की सारी सीमाएं लांघ रहे हैं। प्रधानमंत्री के लिए तो तानाशाह, हिटलर, नीच, मौत का सौदागर या कई अन्य अपमानजनक शब्द उपयोग किये हैं। अब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का जिस तरह अपमान किया गया उसने सार्वजनिक जीवन में मयार्दाओं को तार-तार कर दिया है। लोकतंत्र में असहमति एवं आलोचना एक स्वस्थ लोकतंत्र की निशानी है और इसे उसी रूप में लेने की जरूरत है, लेकिन हठधर्मिता, विध्वंसात्मक नीति एवं मिमिक्री करने जैसी घटनाओं से लोकतंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लोक राज्य, स्वराज्य, सुराज्य, रामराज्य का सुनहरा स्वप्न ऐसे अलोकतांत्रिक विपक्ष की नींव पर कैसे साकार होगा? यहां तो सभी दल अपना-अपना साम्राज्य खड़ा करने में लगे हैं। हालांकि विपक्षी दलों के तमाम अलोकतांत्रिक विरोध एवं उच्छृंखल रवैये ने निराशा का ही वातावरण बनाया है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध के पीछे मूलतः पिछले सप्ताह संसद की सुरक्षा में हुई चूक है। इसमें कहीं कोई दो राय नहीं कि यह गंभीर मसला है। सवाल सिर्फ यह है कि आखिर इस गंभीर मसले पर सदन के अंदर चर्चा की कोई राह दोनों पक्ष क्यों नहीं निकाल पा रहे? क्यों विपक्षी दल इस बात पर अड़े हैं कि कानून व्यवस्था से जुड़े इस गंभीर मसले पर केंद्रीय गृह मंत्री को बयान देना चाहिए, वहीं सरकार का कहना है कि संसद के अंदर की सुरक्षा स्पीकर की जिम्मेदारी होती है और इसलिए इस पर गृह मंत्री का बयान देना उचित नहीं होगा। लोकतंत्रीय पद्धति में किसी भी विचार, कार्य, निर्णय और जीवनशैली की आलोचना पर प्रतिबंध नहीं है। किन्तु आलोचक का यह कर्तव्य है कि वह पूर्व पक्ष को सही रूप में समझकर ही उसे अपनी आलोचना की छेनी से तराशे। किसी भी तथ्य को गलत रूप में प्रस्तुत कर उसकी आक्षेपात्मक आलोचना करना उचित नहीं है। जिन दलों, लोगों एवं विचारधाराओं का उद्देश्य ही निन्दा करने का हो, उनकी समझ सही कैसे हो? जिसका काम ही किसी अच्छे काम या मन्तव्य को जलील करने का हो, वह सत्य का आईना लेकर क्यों चलेगा? विपक्षी दलों की हठधर्मिता से खड़े हुए गतिरोध के चलते संसद के शीत सत्र के बचे हुए दिनों में भी सुचारू ढंग से कामकाज होने के कोई आसार नहीं दिख रहे। ध्यान रहे, अगले आम चुनाव से पहले यह मौजूदा लोकसभा का आखिरी पूर्णकालीन सत्र है और इसमें कई अहम बिलों पर चर्चा होनी है। लेकिन पक्ष-विपक्ष का जो रवैया है उसे देखते हुए यही लगता है कि विपक्ष की गैरमौजूदगी में और बिना किसी चर्चा के ही इन बिलों को पास घोषित करना पड़ेगा। कितना दुखद प्रतीत होता है जब कई-कई दिन संसद में ढंग से काम नहीं हो पाता है। विवादों का ऐसा सिलसिला खड़ा कर दिया जाता है कि संसद में सारी शालीनता एवं मयार्दा को ताक पर रख दिया जाता है। विवाद तो संसद में भी होती हैं और सड़क पर भी। लेकिन संसद को सड़क तो नहीं बनने दिया जा सकता? वैसे, भारतीय संसदीय इतिहास में ऐसे अवसर बार-बार आते हैं, जब परस्पर संघर्ष के तत्व ज्यादा और समन्वय एवं सौहार्द की कोशिशें बहुत कम नजर आती है। स्पष्ट है कि यदि दोनों पक्ष अपने-अपने रवैये पर अडिग रहते हैं तो संसद का चलना मुश्किल ही होगा। संसद में हुड़दंग मचाने, अभद्रता प्रदर्शित करने, मिमिक्री करने एवं हिंसक घटनाओं को बल देने के परिदृश्य बार-बार उपस्थित होते रहना भारतीय लोकतंत्र की गरिमा से खिलवाड़ ही माना जायेगा। सफल लोकतंत्र के लिए सत्ता पक्ष के साथ ही मजबूत एवं शालीन विपक्ष की भी जरूरत होती है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उपराष्ट्रपति को जिस तरह अपमानित किया गया, उससे वह बेहद व्यथित हैं। व्यथित तो समूचा राष्ट्र है। राष्ट्रपति ने तो कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधि अपने विचार रखने के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन उनकी अभिव्यक्ति शालीन तथा मयार्दा के दायरे में होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि हमारी संसदीय परंपराएं हैं जिन पर हमें गर्व है और हम उन्हें बरकरार रखने की आशा करते हैं। भारत की संसदीय प्रणाली दुनिया में लोकप्रिय एवं आदर्श है, बावजूद इसके सत्ता की आकांक्षा एवं राजनीतिक मतभेदों के चलते लगातार संसदीय प्रणाली को धुंधलाने की घटनाएं होते रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब संसद की कार्रवाई को बाधित करना एवं संसदीय गतिरोध आमबात हो गयी है। संसद एक ऐसा मंच है जहां विरोधी पक्ष के सांसद आलोचना एवं विरोध प्रकट करने के लिये स्वतंत्र होते हैं, विरोध प्रकट करने का असंसदीय एवं आक्रामक तरीका, सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच तकरार और अपने विरोध को विराट बनाने के लिये सार्थक बहस की बजाय शोर-शराबा, नारेबाजी, मिमिक्री करने की स्थितियां कैसे लोकतांत्रिक कही जा सकती है?

**(यह लेखक के निजी विचार है। आलेख में शामिल सुचना और तथ्यों की सटीकता, संपूर्णता के लिए " जिम्मेदार नहीं है।)**

# असहमति को दबाने पर उतर आये हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**अरुण श्रीवास्तव**

**कांग्रेस** के राज्यसभा सदस्य शक्तिसिंह गोहिल ने कहा, 'यह गुजरात मॉडल का विस्तार है, जिसमें विपक्ष को बाधा के रूप में देखा जाता है।' सदस्यों के निलंबन को उचित ठहराने के लिए दो शब्द 'गरिमा' और 'मयार्दा' - गरिमा और अनुशासन- लोकसभा और राज्यसभा में गूंजे। निलंबित राजद सांसद मनोज झा के अनुसार, 'यह संसदीय मयार्दा की एक सत्तावादी व्याख्या है।' इंडिया ब्लॉक और कांग्रेस की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाने के लिए अपने शस्त्रागार को समाप्त करने के बाद, भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों में जीत हासिल करने के मिशन के साथ, अब यह कहावत उछाल रही है कि नरेंद्र मोदी भारत के लौह पुरुष हैं जो पूरे देश की सुरक्षा सुनिश्चित कर सके और उसकी अखंडता को बरकरार रख सके। निःसंदेह, ऐसी दो घटनाएं हैं जो सीधे तौर पर इस मुद्रा को अनुबंधित करती हैं; सबसे पहले, घुसपैठियों का एक झुंड नए संसद भवन में कूद गया और अंदर धुआं बम फेंक दिया, जिससे व्यापक दहशत फैल गई; और दूसरा, लोकसभा और राज्यसभा के 143 सदस्यों का निष्कासन जो मोदी की अटल, जीवन से भी बड़ी छवि के दावों का खंडन करता है। बीजेपी इकोसिस्टम का नया मंत्र यह है कि मोदी अजेय हैं, उनकी सत्ता को चुनौती नहीं दी जा सकती और भारत के पास कोई दूसरा नेता नहीं है जो उनका विकल्प बन सके।

दोनों घटनाओं को करीब से देखने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि भाजपा अति-राष्ट्रवाद के तत्व को उभारने का प्रयास कर रही है। घुसपैठ के मामले में आश्चर्य की बात यह है कि राजनीतिक और प्रशासनिक दिखावा करने वाले दोनों शीर्ष नेताओं मोदी और अमित शाह ने निष्क्रिय और बहरा कर देने वाली चुप्पी बनाए रखना पसंद किया है। संसद में बयान देना अत्यंत संवैधानिक और कानूनी महत्व का मामला है। लेकिन घर से बाहर मीडिया को दिए गए बयान पर ऐसी कोई बाध्यता नहीं है। जाहिर है, मोदी और शाह सदन में ऐसा कोई बयान देना पसंद नहीं करते जिससे उनका राजनीतिक दोहरापन उजागर हो। इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनके कार्य उस अहंकार को दशार्ते हैं जिसने उन्हें इस मनमाने तरीके से कार्य करने और संसद और इसकी पवित्रता के प्रति पर्याप्त अनादर प्रदर्शित करने के लिए मजबूर किया। इसके अतिरिक्त, यह दावा करना कि विपक्षी सांसदों का निलंबन आसन्न हो गया था क्योंकि उन्होंने सदन की छवि खराब की थी और सदन के कामकाज में बाधाएं पैदा की थीं, क्या यह अपने आप में एक भद्दा मजाक है। ऐसा पहली बार नहीं है कि मोदी जानबूझकर संसद में बयान देने से दूर रहे हों। पिछली बार उन्होंने इस हथकंडे का सहारा तब लिया था जब उन्होंने सदन के बाहर मणिपुर पर बयान दिया था। बाद में विपक्ष, विशेषकर राहुल गांधी द्वारा आलोचना किए जाने के बाद, उन्होंने एक सिलसिलेवार संदर्भ दिया। अब निचले सदन में बचे विपक्षी भारत गुट के प्रमुख चेहरों में कांग्रेस की सोनिया गांधी और राहुल गांधी और तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय शामिल हैं। संसद की कार्यप्रणाली के 70 साल लंबे इतिहास में एक या दो दिन के भीतर सैकड़ों विपक्षी सांसदों को संसद से निलंबित किए जाने का जिक्र नहीं है। विपक्षी दलों ने मोदी सरकार पर 'विपक्ष-विहीन' संसद में प्रमुख कानूनों को तोड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। कैसी विडंबना है कि राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ इस बात से आहत हुए कि विपक्ष के नेता खड़गे ने उनके कक्ष में उनसे मिलने के उनके आदेश का जवाब नहीं दिया। धनखड़ ने अपने इनकार को अपना अपमान बताया। सदन फिर से शुरू होने के बाद खड़गे बोलने की अनुमति के लिए हाथ उठाते रहे, धनखड़ ने उन्हें मौका नहीं दिया और इस टिप्पणी के साथ सदन को स्थगित कर दियाः 'यह बहुत दर्दनाक दिन है।

# लोकतंत्र के लिए खतरनाक है थोक में सांसदों का निलम्बन

**डॉ. दीपक पाचपोर**

**इन तमाम परिस्थितियों को देखते** हुए एकदम स्पष्ट है कि दोनों सदनों के संचालक (क्रमशः अध्यक्ष व सभापति) सरकार के मददगार बनकर काम कर रहे हैं। वे भी नहीं चाहते कि सरकार के सामने कोई भी विपक्ष खड़ा हो जो मोदी, उनकी सरकार व पार्टी को असहज स्थिति में डाल सके। इन तरीकों से हो सकता है कि मोदी अगला चुनाव फिर से जीत जायें परन्तु ऐसे फैसले लोकतंत्र के लिये घातक हैं। सोमवार का दिन भारत के संसदीय इतिहास के सर्वाधिक काले दिनों में से एक कहा जायेगा जब लोकसभा के 78 सदस्यों को निलम्बित कर दिया गया। ये सांसद पिछले बुधवार (13 दिसम्बर) को संसद में कुछ युवकों द्वारा किये गये प्रदर्शन को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग पर अड़े थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इसे सदन के कामकाज में व्यवधान मानते हुए इन्हें सत्र के लिए निलम्बित कर दिया। इसी विषय पर 14 तारीख को लोकसभा के एक तथा राज्यसभा के 13 सदस्यों को भी निलम्बित किया गया था। इस प्रकरण में अलग-अलग तरीकों से व विभिन्न नियमों का हवाला देकर कुल 151 सदस्यों को अब तक निलम्बित कर दिया गया है। थोक के भाव में सांसदों को बाहर का रास्ता दिखलाना यह दशार्ता है कि संसद को पूरी तरह से विपक्ष मुक्त बनाने का अभियान भारतीय जनता पार्टी द्वारा जो चलाया जा रहा है वह अपने चरम पर पहुंच गया है। लोकतंत्र के लिए यह बेहद खतरनाक है। किसी भी जनतांत्रिक प्रक्रिया में इसे अनुचित ही माना जायेगा क्योंकि सदन आखिर बना ही चर्चा के लिए है और विपक्ष का काम सरकार से प्रश्न पूछना ही है। सरकार का दायित्व है कि वह जवाब दे। हंगामे का जो कारण था, वह इस बात के लिए पर्याप्त आधार है कि सांसद उद्वेलित हों। जिस प्रकार से दो लोग लोकसभा की दर्शक दीर्घा से सदन में कूद पड़े थे और उनमें से एक व्यक्ति एक से दूसरी बेंच पर छलांगें लगाकर भागता रहा, उससे संसद की सुरक्षा व्यवस्था में गम्भीर खामी सामने आई थी। यह मामला सांसदों की सुरक्षा से तो जुड़ा ही है।

# जनकल्याणकारी योजनाओं की राज्यपाल ने की समीक्षा

## बच्चों को हर हाल में भेजें स्कूल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन, समग्र शिक्षा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण/शहरी, मनरेगा, अमृत सरोवर निर्माण, खेल मैदान, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राज्यवित्त आयोग, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,



समीक्षा करती राज्यपाल।



राज्यपाल को स्मृति चिन्ह देते डीएम।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की बिंदुवार समीक्षा हुई।

गुरुवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल ने कहा कि भगवान राम की धरा अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण हो रहा है। बीएसए को निर्देश दिया कि कोई भी परिवार जिला या बाहर काम को जा रहा है तो शिक्षकों को निर्देश दें कि विद्यालयों के शिक्षकों से संपर्क कर बच्चों को शिक्षा ग्रहण करायें। जल जीवन मिशन के तहत घर- घर जल पहुंचाया जा रहा है। सभी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने को सभी अधिकारियों को कार्य करना है। आंगनवाड़ी व विद्यालयों में बच्चों को दाखिला दिलाना है। सीएमओ से कहा कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ गांव में कैंप लगाकर लोगों को लाभान्वित करायें। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने राज्यपाल का स्वागत कर कहा कि बैठक में जो निर्देश दिये हैं, उनका अक्षरशः पालन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने राज्यपाल को एक जनपद-एक उत्पाद के तहत स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। जिलाधिकारी ने पीपीटी से जिले के पर्यटक एवं धार्मिक स्थलों के बारे में जानकारी दी। बैठक के पूर्व राज्यपाल ने जल जीवन मिशन के कार्यों के मॉडल देखे। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुनंदू सुधाकरण से जानकारी ली। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम वंदिता श्रीवास्तव, एसडीएम सदर सौरभ यादव, एएसडीएम पंकज वर्मा, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, डीएफओ नरेंद्र कुमार सिंह, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र, बीएसए लव प्रकाश यादव, डीपीओ पीड़ी विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## हनुमानधारा में राज्यपाल ने की पूजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे की राजपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने दो दिवसीय दौरे के तहत चित्रकूट की पावन भूमि हनुमान धारा में हनुमान जी की मूर्ति की पूजा-अर्चना की। इस मौके पर डीएम अभिषेक आनंद, एसपी श्रीमती वृंदा शुक्ला, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के कुलपति समेत उप्र-मप्र के अधिकारी मौजूद रहे।

## एसडीएम ने लेखपाल को किया निलम्बित

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** एसडीएम रामजन्म यादव ने मानिकपुर तहसील के भौंरी क्षेत्र के लेखपाल अजय दिनकर को शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर निलम्बित कर दिया है। गुरुवार को एसडीएम मानिकपुर रामजन्म यादव ने बताया शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर लेखपाल अजय दिनकर को निलंबित किया है। पिछले दिनों संपूर्ण समाधान दिवस में आये प्रार्थना पत्र की सुनवाई दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने भी लेखपाल को फटकार लगाई थी। वह लगातार शासकीय कार्यों की अवहेलना कर रहे थे।

## मोटरबाइक की ठोकर से महिला घायल

**मानिकपुर/चित्रकूट।** थाना क्षेत्र के सरैंया चैकी के गढ़चपा गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय के पास मोटरबाइक सवार युवक ने महिला को ठोकर मारकर घायल कर दिया है। ये हादसा गुरुवार को सवेरे दस बजे हुआ। बताया गया कि गढ़चपा गांव के चिंतामणि पांडेय उर्फ मुनुवा पुत्र स्व रमाशंकर पाण्डेय ने मोटरबाइक से गढ़चपा गांव की अनुसूचित जाति की सुरतिया पत्नी गुरुदयाल को ठोकर मारकर फरार हो गया। पीड़िता को नाजुक दशा में 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के बाद त्रिपाठी करेंगे समाजसेवा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रभु श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूटधाम परिक्षेत्र से जुड़े सीमा सुरक्षा बल मे तैनात असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर श्रीराम त्रिपाठी ने पाकिस्तान व बांग्लादेश सीमा सुरक्षा में 37 वर्ष बिताने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है।



सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर।

गुरुवार को श्रीराम त्रिपाठी सीमा सुरक्षा बल, गांधी नगर गुजरात में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के बतौर तैनात थे। पोस्ट कमांडर श्री त्रिपाठी सीमा सुरक्षा बल से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के बाद आंतरिक सुरक्षा समेत समाज सेवा क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देंगे। श्रीराम त्रिपाठी पुत्र स्व रमेश राय त्रिपाठी जिले के हन्ना विनैका गांव के मूल निवासी हैं। इनका जन्म इसी गांव के तिवारी परिवार में हुआ है। सनातन संस्कृति के पक्षधर होने से इनका प्रभु श्री राम के जीवन दर्शन से विशेष जुड़ाव रहा है। इसी दृढ़ता से अब चित्रकूट में रहकर कार्य करने का निर्णय लिया है। अपने बच्चो को सुसंस्कृत व उच्च शिक्षा देना सदैव प्राथमिकता रही है। इनके पुत्र व पुत्री का कहना है कि माता-पिता के पुण्य प्रताप व मार्गदर्शन से वे कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ रहे हैं।

## अधिवक्ता संघ चुनाव में मतदाताओं में दिखा जोश

**चित्रकूट।** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में 506 मतदाताओं ने 483 वोट पड़ चुके हैं। परिणाम कल घोषित होंगे। गुरुवार को चुनावी प्रतिक्रिया में एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय एड ने कहा कि चुनाव को पर्व के रूप में लेना चाहिए। आपसी एकजुटता बहुत जरूरी है। चुनाव नहीं, संगठन को सर्वोपरि मानना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता आनन्द मिश्रा ने कहा कि चुनावी पर्व का मजा लेते हुए सभी को सर्द मौसम की छुट्टियां व्यतीत करना चाहिए। चुनावी चर्चा दौरान कुंवर रोहित सिंह, अनिल त्रिपाठी, संजय करवरिया, शिवकुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## छह विकेट खोकर नोएडा ने चित्रकूट को हराया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्र ऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख की स्मृति में चित्रकूट स्पोर्ट क्लब कर्वी व दीनदयाल शोध संस्थान के नेशनल क्रिकेट टूनार्मेंट चैलेंज कप 2023 के पूल बी के दूसरे क्वार्टर फाइनल में चित्रकूट स्पोर्ट क्लब व एनसीआर नोएडा के बीच मैच खेला गया।



खिलाडियों से परिचय लेते अतिथि।

गुरुवार को मैच के मुख्य अतिथि कुलपति बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी प्रो मुकेश पांडेय व विशिष्ट अतिथि विकास सिंह, प्रशासनिक अधिकारी दीनदयाल शोध संस्थान अनिल जायसवाल ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय लेकर मैच शुरू कराया। टॉस जीतकर चित्रकूट ने पहले बल्लेबाजी कर देवेंद्र 27 व आशीष के 23 रनों के योगदान से 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 126 रन बनाए। नोएडा से जगदीश, सौरभ व सचिन को तीन-तीन विकेट मिले। जवाब में नोएडा की टीम ने अंबुज के शानदार 57 व नितेश के 31 रनों से लक्ष्य को आसानी से छह विकेट खोकर 17.01 ओवर में प्राप्त कर लिया। चित्रकूट के आशुतोष व पुष्पराज को दो-दो विकेट मिले। नोएडा ने ये क्वार्टर फाइनल मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, उसका मुकाबला टूनार्मेंट के दूसरे सेमीफाइनल में कल मप्र की मैहर टीम से होगा। मैन ऑफ द मैच नोएडा के अंबुज रहे। मैच के अंपायर आलोक सिंह, राहुल, कमेंटेटर सर्वेश निगम, स्कोरर राघवेंद्र सिंह रहे। मैच को सफल बनाने में रमाकांत कुशवाहा, मनीष, अंकित, अमित साहू, हर्षित परौहा, आदित्य सोनी, अनुकरण सिंह, अमितेश कुमार का योगदान रहा।

## परदवां मऊ संपर्क मार्ग ध्वस्त होने से लोग परेशान, रास्ते में जलभराव व हैं गड्ढे

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** पूरब पताई मऊ संपर्क मार्ग के ध्वस्त होने से राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है। क्षेत्र के युवा समाजसेवी ठा अमन सिंह बघेल ने कहा कि परदवां से मऊ तक सडक कई वर्षों से ध्वस्त है। पूरब पताई से मऊ जाने में दस मिनट लगते थे, ऊबड़-खाबड़ सडक से मऊ पहुंचने में एक घंटे से ज्यादा लग जाते हैं।



गुरुवार को पूरब पताई मऊ संपर्क मार्ग के ध्वस्त होने का खुलासा हुआ। बताया गया कि ध्वस्त मार्ग में सबसे ज्यादा दिक्कतें मरीजों को लाने में तीमारदारों को होती हैं। गांव में कोई व्यक्ति या महिला बीमार पड़ जाये तो ध्वस्त सडक पार करने में मन्नत मांगनी पड़ती है। इस मार्ग से दर्जन भर से अधिक गांवों के लोगों का प्रतिदिन मऊ आवागमन होता है। ध्वस्त रास्ता होने से मजबूरी में लोग आते-जाते हैं। सडक खराब होने से आये दिन लोग चोटहिल भी होते हैं। इसी ध्वस्त मार्ग से बच्चों का विद्यालय आवागमन होता है। सड़क की बदहाली बदस्तूर कायम है। जलभराव समस्या कई वर्षों से जारी है। पूरब पताई मऊ संपर्क मार्ग में जगह-जगह गड्ढों में पानी भरा है। इससे राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। क्षेत्रवासियों ने सरकार से मांग की है कि जल्द सड़क बनवाई जाये, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बिना अवरोध के राष्ट्रीय राजमार्ग मऊ तक आवागमन तय हो सके। समाजसेवी ठा अमन सिंह बघेल ने सरकार से मांग किया है कि जल्द सडक बनवायी जाये। क्षेत्र के रवि सिंह, अर्जुन सिंह, नरेश बहादुर सिंह, श्रेयांश श्रीवास्तव समेत कई लोगों ने सडक बनवाने की मांग की है।

### इसी रास्ते पर है ऋषियन आश्रम

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** इसी रास्ते पर प्राचीन ऐतिहासिक ऋषियन आश्रम है, जो पुरातत्व विभाग से संरक्षित स्थल है। किवदंतियों में इस स्थल को भगवान राम से भी जोड़ा जाता है। चंदेल कालीन ऐतिहासिक महत्व के अवशेष भी यहां हैं। आसपास के सैकड़ों लोग प्रत्येक सोमवार को ऋषियन आश्रम जाते हैं। प्रत्येक शनिवार व मंगलवार को सैकड़ों श्रद्धालु बरियारी कला हनुमान मंदिर भी जाते हैं। ऊबड़-खाबड़ रास्ता होने से लोगों को भारी दिक्कतें हो रही हैं। रास्ता बन जाने से पर्यटकों का आवागमन बढेगा, कारोबारियों को आय भी होगी।

## सडक सुरक्षा पखवाडे में एआरटीओ ने दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 15 से 31 दिसम्बर तक परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारी/ एआरटीओ विवेक कुमार शुक्ला, यात्रीकर/ मालकर अधिकारी डॉ सन्तोष कुमार तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के सहयोग से व्यवसायिक वाहन चालकों/परिचालकों/ प्राईवेट एम्बुलेंस कर्मी/टोल प्लाजा कर्मी/ राजमार्गों पर स्थिति ढाबों में अभियान चलाया। गुरुवार को अभियान के तहत इच्छुक लोगों, पेट्रोल पम्प कर्मी, गैराज मैकेनिक का निकटतम अस्पताल में बेसिक ट्रामा लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण हुआ। ओवरलोडिंग, गलत नम्बर प्लेट, बिना एचएसआरपी लगे वाहन, सड़क किनारे खड़े अवैध वाहनों एवं रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। लेन ड्राइविंग के बारे में चालकों को जागरूक किया। सडक सुरक्षा के मद्देनजर वाहन चालकों को रात्रि में हेड लाइट हाई बीम/लो बीम के प्रयोग के बारे में जागरूक किया। आमजनता को यातायात नियमों की जानकारी दी।

## शराब कारोबारी को जेल में बिताई अवधि की हुई सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के जारी आपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निदेशों के अनुपालन में थानाध्यक्ष पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल व पैरोकार मनीष कुमार की पैरवी से न्यायालय ने अवैध शराब निर्माण आरोपी को जेल में बिताई अवधि व एक हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। गुरुवार को अभियोजन अधिकारी पीयूष कुमार की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन श्रीमती विदुषी मेहा ने पहाड़ी थाने में दर्ज आबकारी अधिनियम के आरोपी बालगोविन्द पुत्र रामबहोरी केवट निवासी रमयापुर गढ़ीघाट को जेल में बिताई अवधि की सजा व एक हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया। ज्ञात है कि पहाडी थाने के पूर्व दरोगा सुनील कुमार मिश्रा ने 28 सितम्बर 2009 को बालगोविन्द पुत्र रामबहोरी केवट निवासी रमयापुर गढ़ीघाट को पांच लीटर देशी शराब व शराब बनाने के उपकरणों समेत गिरफ्तार किया था। आरोपी पर मामला दर्जकर पूर्व दरोगा मोहनलाल ने विवेचना कर सात अक्टूबर 2009 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था।

## गरीबों को ठंड से बचाने को लोग आयें आगे: एसपी वर्मा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पूर्व न्यायाधीश एसपी वर्मा के सहयोग से अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के पूर्व मुख्य प्रशासनिक अधिकारी केशव प्रसाद यादव व सेवानिवृत्त डाक निरीक्षक चन्द्रमोहन सिंह यादव व यादव महासभा के जिलाध्यक्ष रामऔतार यादव ने गरीबों को ठंड से बचाने को कम्बल बांटे।




कम्बल बांटते केशव बाबू।

गुरुवार को मानव सेवा ईश्वर सेवा के मूल मंत्र को साकार करते हुए रसिन गांव के तमरार गांव के पुरवों में पचास कम्बल बांटे गये। पूर्व जिला जज एसपी वर्मा के सौजन्य से यादव महासभा के पदाधिकारियों ने कम्बल बांटे। ग्रामीणों की मौजूदगी में हर वर्ग जाति के गरीब, वृद्ध, लाचार, निःशक्त महिला-पुरूष को सर्दी से बचाने को कंबल व प्रसाद बांटा। बच्चों को गुड़-मूंगफली की पट्टी व केले बांटे।

पूर्व न्यायाधीश एसपी वर्मा ने कहा कि मानव सेवा ईश्वर सेवा के समान है। इस मूल मंत्र को रामऔतार सहयोगियों की मदद से साकार कर रहे हैं। ये पहल गरीबों, वृद्धों के लिए उपयोगी है। इसी तरह समाज के लोगों को आगे आना चाहिए। समाज में समानता तभी आएगी, जब सब मिलकर कमजोर वर्ग के लोगों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। केशव बाबू ने कहा कि एक-दूसरे की मदद से लोग मंजिल पा जाते हैं। समाज में जो गरीब हैं, उन्हें समय-समय पर मदद करनी चाहिए। ठंड के मौसम में गरीब लोग गर्म कपड़े रजाई गद्दा नहीं खरीद पाते। उन्हें ठंड से बचाने को गर्म कपडे देकर पनीत कार्य में हिस्सा लें।

## ठेकेदार ने बेंच लिया पचास लाख का मलबा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पेशवा कालीन ऐतिहासिक इमारत में बुलडोजर चलाकर ठेकेदार मो इदरीश ने

### ऐतिहासिक इमारत के मलबा बेंचने वाले से करें रिकवरी

तकरीबन पचास लाख का मलबा बेंचा है। ठेकेदार से मलबा बेंचने की रिकवरी कर ठेकेदारी के कार्य से इसे ब्लैकलिस्ट किया जाये।



ऐतिहासिक इमारत का बेंचा गया मलबा।

गुरुवार को ठेकेदार मो इदरीश के पेशवा कालीन इमारत से निकले मलबा को बेंचने का खुलासा हुआ है। बताया गया कि ठेकेदार ने ऐतिहासिक इमारत का ठेका महज साढे नौ लाख रुपये में लिया था। ये ठेका उसे एडीएम कुंवर बहादुर सिंह की कृपा दृष्टि से मिला था। ठेकेदार एडीएम की सेवा में लगा रहता था। उसे एडीएम का कृपा प्रसाद के रुप में ये ठेका बेहद सस्ते में मिला था।

ये ठेका बाहरी ठेकेदारों को बुलाकर कराया जाता तो ऐतिहासिक इमारत का मलबा करोडों रुपये में बिकता। इस मलबे को ठेकेदार इदरीश ने तकरीबन पचास लाख रुपये में बेंचा है। शेष मलबे को भी भारी कीमत में बेंचने की फिराक में था। ऐन मौके पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने काम रुकवाकर ठेकेदार के मंसूबों पर पानी फेर दिया। नगर पालिका के ठेकेदारों ने बताया कि ठेकेदार इदरीश बहुत बडा जगलर है। वह ऐसे विध्वंशक कार्यों का ठेका लेने में माहिर है। वह मीठी-मीठी बोलकर लोगों को ठगने का कार्य करता है। ठेकेदार को नगर पालिका से ब्लैकलिस्ट कर इससे ऐतिहासिक इमारत के पचास लाख रुपये के बेंचे मलबे की रिकवरी की जाये। ऐतिहासिक इमारत का मलबा जिस जगह लाखों रुपये लेकर फेंका गया है, उसकी भी जांच कराई जाये।

## तीन चोरों को हुई छह-छह वर्ष की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के जारी अभियान में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निदेशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी व पैरोकार आनन्द कुमार की पैरवी से न्यायालय ने चोरी के तीन आरोपियों को छह-छह वर्ष की सजा व सात-सात हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

गुरुवार को शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायधीश चतुर्थ नीरज श्रीवास्तव ने मऊ थाने में दर्ज चोरी व माल बरामद के आरोपी ऋषि दुबे पुत्र चन्द्रेश दुबे, बबुआन उर्फ संदीप दुबे पुत्र सिपाहीलाल निवासी हन्ना बिनैका व प्रकाश सोनी पुत्र रमेश सोनी निवासी लालता रोड को छह-छह वर्ष की सजा व सात-सात हजार रुपए के जुमार्ना से दंडित किया। ज्ञात है कि 21 मार्च 2020 को श्रीमती रेखा देवी पत्नी रामगोपाल निवासी हन्ना बिनैका ने मऊ थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि ऋषि, बाबुआन उर्फ संदीप व अन्य अज्ञात लोगो ने घर का ताला तोड़कर बक्शे में रखे बीस हजार रुपए, डेढ तोला सोने की जंजीर व 750 ग्राम चांदी की बिछिया व दो जोड़ा सोने के झुमका चोरी कर ले गये। पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्जकर पूर्व दरोगा अवधेश कुमार मिश्रा ने विवेचना कर चोरों के नाम का खुलासा किया। 22 मार्च 2020 को चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। दो मई 2020 को आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

### पुलिस पर जानलेवा हमला आरोपी को छह वर्ष की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के जारी आपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निदेशों के अनुपालन में थानाध्यक्ष राम सिंह व पैरोकार महेश्वरीदीन की पैरवी से न्यायालय ने पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला करने के आरोपी डकैत वरदानी उर्फ बाबा को छह वर्ष की सजा व 11 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। गुरुवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय विशेष न्यायाधीश डकैती कोर्ट/अपर सत्र न्यायधीश नीरज श्रीवास्तव ने बहिलपुरवा थाने में दर्ज पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला करने की गरज से फायर करने व डकैती एक्ट के आरोपी बरदानी उर्फ बाबा पुत्र शिवधारी निवासी सकरौंहा थाना मानिकपुर को छह वर्ष की सजा व 11 हजार रुपए के जुमार्ना से दंडित किया। ज्ञात है कि 11 जनवरी 2016 को डकैत बरदानी उर्फ बाबा कोल ने गैंग के साथियों से मिलकर पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमले की गरज से फायर किया था। इस बाबत थाने में दरोगा राधेश्याम द्विवेदी ने मामला दर्ज कराया था।

# युद्ध विराम के कयासों के बीच नेतन्याहू का एलान- हमास के खात्मा होने तक नहीं रुकेगा

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास के खात्मे तक गाजा में कोई युद्ध विराम नहीं होगा। वहीं हमास प्रमुख इस्माइल हानिया ने मिस्र का दौरा किया। जबकि अमेरिका सहित यूरोपीय देश लगातार इजराइल पर युद्ध विराम का दबाव बना रहे हैं। ज्ञात रहे कि हमास युद्ध में अब तक 19,667 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, हम तब तक लड़ना बंद नहीं करेंगे जब तक हम अपने निर्धारित सभी उद्देश्यों को हासिल नहीं कर लेते। बता दें कि इजराइल के तीन उद्देश्यों में हमास का खात्मा, हमास के कब्जे में फंसे बंधकों की रिहाई शामिल है। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइली सेना गाजा में हर जगह हमास के आतंकवादियों पर हमला कर रही है।



नेतन्याहू ने आगे कहा,"जो कोई सोचता है कि हम रुक जाएंगे, वह सच्चाई से दूर है। इजराइल के कुछ सहयोगियों फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ा दिया है। अमेरिका नागरिकों की मौत पर चिंता जताते हुए इजराइल से लगातार सटीक कार्रवाई करने को कह रहा है। वहीं, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि जब तक हमास बचे हुए 129 बंधकों को रिहा नहीं कर देता, युद्ध बंद नहीं हो सकता। हालांकि इजरायली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने संकेत दिए कि उनका देश विदेशी मध्यस्थता में मानवीय युद्ध विराम के लिए तैयार हो सकता है ताकि हमास के कब्जे वाले शेष बंधकों की रिहाई हो सके और मानवीय मदद गाजा पहुंच सके।

## यूक्रेन के खिलाफ रूस की तरफ से युद्ध लड़ रहे सात नेपाली नागरिकों की मौत

**काठमांडू।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध में मरने वाले नेपाली नागरिकों की संख्या सात हो गई है। रूसी सैनिक के रूप में यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में शामिल चार नेपाली नागरिकों को यूक्रेन ने बंधक भी बना रखा है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने मृत नेपाली नागरिकों के शवों को नेपाल लाने और बंधकों की रिहाई के लिए कूटनीतिक पहल करने की जानकारी दी है। रूस ने नेपाल के विदेश मंत्रालय को युद्ध में मारे गए नेपाली नागरिकों की आधिकारिक जानकारी दी है। नेपाली विदेश मंत्रालय के मुताबिक रूसी सेना में कार्यरत गोरखा जिला निवासी संदीप थपलिया, कपिलवस्तु के रूपक कार्की, कास्की के दीवान राय, स्यांगजा के प्रीतम कार्की, दोलखा के राजकुमार रोका और इलाम के गंगाराज मोक्तान की मौत हो चुकी है। एक नेपाली नागरिक के बारे में जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। विदेश मंत्रालय ने यह भी बताया है कि यूक्रेन में चार नेपाली नागरिक युद्धबंदी के रूप में कैद हैं। इनमें बर्दिया के विवेक खत्री, मंडनदेउपुर नगरपालिका के सिद्धार्थ ढकाल, मोरंग के विकास राय और रोल्पा के प्रतीक पुन हैं। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि नेपाल सरकार की तरफ से यूक्रेन सरकार के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र और रेडक्रास जैसी अन्तरराष्ट्रीय संस्थाओं के माध्यम से भी युद्धबंदी नेपाली नागरिकों की रिहाई का प्रयास किया जा रहा है।

## पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान तीन निर्वाचन क्षेत्रों से लड़ेंगे चुनाव



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में फरवरी में होने वाले आम चुनाव पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान तीन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे। ज्ञात रहे कि पीपीपी प्रमुख इमरान खान रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं।
पीटीआई अध्यक्ष गौहर खान ने कहा कि पूर्व पीएम लाहौर, इस्लामाबाद और मियांवाली निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने तोशखाना मामले के फैसले के बाद इमरान खान को पांच साल के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था। तोशाखाना मामले में एक निचली कोर्ट ने पांच अगस्त को इमरान को दोषी ठहराया था। यह मामला निर्वाचन आयोग ने दायर किया था। हालांकि, बाद में इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने उनकी तीन साल की सजा को निलंबित कर दिया। लेकिन वह फिलहाल कई अन्य मामलों में जेल में बंद हैं।
इमरान की दोषसिद्धि को अब तक रद्द नहीं किया गया है। परिणामस्वरूप वह किसी भी सार्वजनिक पद के लिए अयोग्य हो गए हैं। पीटीआई के सांसद अली जफर ने कहा कि इस्लामाबाद हाई कोर्ट तोशाखाना मामले में दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली इमरान की याचिका पर अपना फैसला जल्द सुना सकता है, क्योंकि चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।
अली जफर ने कहा कि हाई कोर्ट पीटीआई की याचिका पर अपना फैसला सुनाएगा, जिसमें तोशाखाना मामले में पूर्व पीएम की सजा को निलंबित करने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने पीटीआई कार्यकताओं से आगामी चुनावों के लिए अपना नामांकन पत्र जमा करने का आग्रह किया और कहा कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए टिकट के लिए जेल में बंद सदस्यों को प्राथमिकता देगी। गौरतलब है कि पाकिस्तान में अगले साल 8 फरवरी को चुनाव होने हैं। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने 8 अगस्त को तोशाखाना केस में फैसला आने के बाद इमरान खान को किसी भी सार्वजनिक पद पर रहने के लिए पांच साल के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था।

## पाकिस्तान के पूर्व प्रधान न्यायाधीश के आवास पर ग्रेनेड से हमला, दो पुलिसकर्मी घायल

**लाहौर।** लाहौर में बुधवार को पाकिस्तान के पूर्व प्रधान न्यायाधीश साकिब निसार के आवास पर ग्रेनेड से हमला हुआ, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। निसार ने एक बताया, मैं और मेरे परिवार के सदस्य बैठक कक्ष में बैठे थे तभी मेरे घर में एक शक्तिशाली विस्फोट हुआ। जब मैं गैराज में पहुंचा तो वहां तैनात दो पुलिसकर्मी घायल अवस्था में पड़े थे। उन्होंने मुझे बताया कि अज्ञात लोग गैराज में ग्रेनेड फेंककर भाग गए। साकिब निसार ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें संदेह है कि इस हमले के जरिए उन्हें कोई गंभीर संदेश देने की कोशिश की गई है। पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ब्रिटेन में स्व-निर्वासन में चार साल बिताने के बाद अक्टूबर में लाहौर आए। वह 2017 में उन्हें सत्ता से बाहर करने के लिए पूर्व सीजेपी पर लगातार निशाना साध रहे हैं। पूर्व सीजेपी निसार की अगुवाई वाली उच्चतम न्यायालय की पीठ ने 2017 में पनामा पेपर मामले में नवाज को अयोग्य घोषित कर दिया था।

## कोई नहीं जानता कि रूस-यूक्रेन युद्ध कब खत्म होगा : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने अपने वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कोई नहीं जानता कि रूस का देश के खिलाफ जारी युद्ध कब खत्म होगा।
जेलेंस्की ने मंगलवार रात प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "मुझे लगता है कि इसका जवाब किसी को नहीं पता। यहां तक कि सम्मानित लोग, हमारे कमांडर और हमारे पश्चिमी साथी, जो कहते हैं कि युद्ध कई सालों तक चलेगा, वे भी नहीं जानते।"
समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल युद्ध में यूक्रेन की उपलब्धियों पर टिप्पणी करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन को काला सागर में बड़ी जीत हासिल हुई है।
जेलेंस्की ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि रूस ने इस साल अपना कोई भी लक्ष्य हासिल नहीं किया है। यूक्रेन और विदेशों में, हर कोई इस बात की सराहना कर सकता है कि रूसी बेड़े को यूक्रेनी काला सागर में अपने पूर्ण प्रभुत्व से वंचित कर दिया गया था।



यूक्रेन के जवाबी हमले पर बोलते हुए, जेलेंस्की ने कहा कि तथ्य यह है कि कीव का आकाश पर नियंत्रण नहीं है और उसके पास पर्याप्त गोला-बारूद नहीं है, जिसने इस साल दक्षिणी क्षेत्रों में सैन्य अभियानों को प्रभावित किया है।
राष्ट्रपति ने कहा कि सैन्य कमांडरों ने उन्हें यूक्रेन की रक्षा और संभावित जवाबी कार्रवाई में भाग लेने के लिए अतिरिक्त 450,000 से 500,000 सैनिकों को जुटाने की पेशकश की है, लेकिन उनकी लामबंदी पर निर्णय को अभी तक मंजूरी नहीं दी गई है।यूक्रेन के कुछ हिस्सों को नाटो में शामिल करने की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर जेलेंस्की ने कहा कि कुछ जोखिमों के कारण यह विकल्प तालिका से बाहर है।
उन्होंने यह भी कहा कि कीव को गठबंधन में "आंशिक परिग्रहण" के संबंध में कोई आधिकारिक प्रस्ताव नहीं मिला है।
यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने पर टिप्पणी करते हुए, यूक्रेनी नेता ने कहा कि जल्द ही उनके देश को अपने भागीदारों से कई नए पैट्रियट वायु रक्षा सिस्टम और राष्ट्रीय उन्नत सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल सिस्टम प्राप्त होंगे।

## चीन से 450 करोड़ में खरीदे गए 5 छोटे विमानों को 190 करोड़ घाटे के बाद बेचने का फैसला

**काठमांडू।** नौ साल पहले चीन से खरीदे गए 6 छोटे विमान पिछले तीन साल से ग्राउंडेड हैं। आखिरकार अब उनको बेचने का फैसला किया गया है। करीब 450 करोड़ रुपये में खरीदे गए इन विमानों को 190 करोड़ रुपये घाटे के बाद बेचा जा रहा है
2015 में नेपाल सरकार ने सरकारी विमान कंपनी नेपाल वायुसेवा निगम के लिए चीनी कंपनी से खरीदे गए दो एमए-60 और वाई-12 ई विमान को बेचने के लिए टेंडर निकाला है। ये सभी विमान पिछले तीन साल से ग्राउंडेड हैं। वैसे तो चीन से 6 विमान खरीदे गए लेकिन तीन साल पहले एक विमान नेपालगंज विमानस्थल पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।
तमाम विरोध और तकनीकी खामियों के बावजूद तत्कालीन नेपाल सरकार ने चीन से विमान खरीदने का फैसला किया था। आन्तरिक उड़ानों के लिए नेपाल सरकार ने इनमें से चार विमानों को करीब 450 करोड़ रुपये में खरीदा था जबकि दो विमान चीन सरकार की तरफ से अनुदान में दिए गए थे। हालांकि इन विमानों के रखरखाव और मरम्मत में ही अब तक 190 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। वायुसेवा निगम के अधिकारियों की मानें तो चीन से आए ये विमान ढंग से पांच साल भी नहीं चल पाए।
इन विमानों को उड़ाने में ही सरकार को हर साल करीब 40 करोड़ रुपये घाटा हो रहा था।
वैसे तो बार बार इन विमानों में तकनीकी खराबी आती रही लेकिन तीन साल पहले चीन से लाए गए एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद सरकार ने इन विमानों की उड़ानों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार की तरफ से चीनी कंपनी से इन विमानों को वापस ले जाने का आग्रह किया गया था लेकिन उनकी तरफ से कुछ भी सकारात्मक जवाब नहीं मिल पाने के कारण अब इन्हें बेचने के लिए टेंडर किया गया है। वैसे सरकार की तरफ से बीच में इनके संचालन के लिए व्यवस्थापन को किसी निजी कंपनी को भी देने का प्रयास किया गया था लेकिन किसी भी कंपनी ने इसे स्वीकार नहीं किया।

## अमेरिका को इजरायल-हमास संघर्ष कमजोर पड़ने की उम्मीद : ब्लिंकन

**वाशिंगटन।** देश के शीर्ष राजनयिक ने कहा है कि अमेरिका को उम्मीद है कि इजरायल और हमास के बीच चल रहा संघर्ष धीमा होगा।
अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बुधवार को विदेश विभाग में साल के अंत में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, "यह स्पष्ट है कि संघर्ष आगे बढ़ेगा और इसे धीमा करने की जरूरत है।"
उन्होंने कहा कि यह वाशिंगटन की अपेक्षा और इच्छा है कि इजरायली सेना केवल टारगेटेड स्थानों को ही निशाना बनाए।
उन्होंने कहा, "यह बेहद महत्वपूर्ण है कि इजराइल अपना अभियान कैसे चलाता है।"



"फिर से, नागरिकों की सुरक्षा करने, उन्हें नुकसान कम करने, उन तक अधिकतम सहायता पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित करें।"
समाचार एजेंसी शन्हिुआ की रिपोर्ट के अनुसार ब्लिंकन की टिप्पणी 7 अक्टूबर के हमले के बाद गाजा पट्टी में इजरायली बलों द्वारा हवाई बमबारी और जमीनी अभियानों को तेज करने के परिणामस्वरूप बढ़ती फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत पर दुनिया भर में और कुछ हद तक अमेरिका के भीतर बढ़ते आक्रोश के बीच आई है।

# कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो बोले : लगता है, भारत के साथ संबंधों में 'आमूल परिवर्तन' आया है

**टोरंटो।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा है कि अमेरिकी धरती पर एक सिख अलगाववादी को मारने की साजिश में एक भारतीय नागरिक को दोषी ठहराए जाने के बाद नई दिल्ली के साथ ओटावा के संबंधों में भारी बदलाव आया है।
ट्रूडो ने सीबीसी न्यूज चैनल को एक साल के अंत में दिए साक्षात्कार में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अमेरिकी अभियोग ने नरेंद्र मोदी सरकार को अधिक शांत रुख अपनाने के लिए राजी कर लिया है।
कनाडाई पीएम ने कहा, "मुझे लगता है कि एक समझ की शुरूआत हुई है कि वे इसके जरिए अपना रास्ता नहीं बदल सकते और इस तरह से सहयोग करने के लिए एक खुलापन है कि शायद वे पहले कम खुले थे।"
उन्होंने कहा, "ऐसी समझ है कि शायद कनाडा के खिलाफ लगातार हमले से यह समस्या दूर नहीं होने वाली।"
प्रधानमंत्री द्वारा सितंबर में कहा गया था कि कनाडा में खालिस्तान नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता के संभावित संबंध के विश्वसनीय आरोप हैं, जिसके कुछ घंटों बाद भारत ने ट्रूडो के दावों को "बेतुका और प्रेरित" कहकर खारिज कर दिया था।
ट्रूडो ने सीबीसी को बताया कि निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा अभी भारत के साथ लड़ाई की स्थिति में नहीं रहना चाहता और इसके बजाय व्यापार समझौते और इंडो-




पैसिफिक रणनीति को आगे बढ़ाने पर काम करना चाहता है।
हालांकि, उन्होंने कहा कि "कनाडा के लिए लोगों के अधिकारों, लोगों की सुरक्षा और कानून के शासन के लिए खड़ा होना मूलभूत बात है। और यही हम करने जा रहे हैं"।
जबकि नई दिल्ली ने अमेरिकी सरकार द्वारा उठाई गई सुरक्षा चिंताओं पर गौर करने के लिए एक उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन किया है,
इसने ओटावा से ट्रूडो के आरोपों के समर्थन में "ठोस सबूत" दिखाने के लिए कहा है।
भारत ने कहा कि वह केवल विशिष्ट और प्रासंगिक जानकारी मांग रहा है, ताकि कनाडाई जांचकताओं को उनके निष्कर्ष तक पहुंचने में मदद मिल सके।
अमेरिकी आरोपों पर अपनी पहली सार्वजनिक प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फाइनेंशियल टाइम्स अखबार से कहा कि इस मुद्दे की जांच की जाएगी, लेकिन कुछ घटनाएं भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को पटरी से नहीं उतार सकतीं।
मोदी ने कहा, "अगर कोई हमें जानकारी देता है, तो हम निश्चित रूप से उस पर गौर करेंगे। अगर हमारे किसी नागरिक ने कुछ भी किया है, अच्छा या बुरा, तो हम उस पर गौर करने के लिए तैयार हैं। हमारी प्रतिबद्धता कानून के शासन के प्रति है।"

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।